हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 22 जनवरी 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


तापमान

अधिकतम 29.5 डिग्री

न्यूनतम 16.4 डिग्री



ऊर्जा पार्क में बना फौवारा रौशनी से जगमगाया। यहां घूमने आने वालों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### चांटीडीह बस्ती में हिन्दू सम्मेलन आज

**बिलासपुर।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ के अवसर पर चांटीडीह बस्ती में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन गुरूवार को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगा,इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के विभाग संघ चालक डॉ राजकुमार सचदेव, मुख्य अतिथि रजककार बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक व विशिष्ठ अतिथि प्रीति दुबे और अध्यक्षता पं श्यामकांत उपाध्याय करेंगे। इस अवसर पर भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटय मंचन का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मण रजक,सहसंयोजक विष्णु यादव, अनिल गुप्ता, भुवनेश्वर प्रजापति,कोषाध्यक्ष सुशील जायसवाल, योगेश रजक है।

# स्पा सेंटर संचालक से महीना वसूली का आरोप, एडीशनल एसपी जायसवाल निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गृहमंत्री विजय शर्मा के आदेश के बाद स्पा सेंटर संचालक से महीना वसूली करने के आरोप व सोशल मीडिया में वीडियो वायरल के बाद तत्कालीन एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल को निलंबित कर दिया गया है, वर्तमान में वे जीपीएम जिले में पदस्थ थे।




निलंबित एएसपी

रिंग रोड टू निवासी लोकेश सेन पिता रामकुमार सेन 36 साल ने आईजी से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वे महाराणाप्रताप चौक में एक्वा वेलनेस प्राइवेट स्पा का संचालन करते हैं। उनकी दूसरी ब्रांच मंगला चौक स्थित 36 सिटी मॉल की दूसरी मंजिल पर है। स्पा केंद्र में 14 कर्मचारी काम करते हैं और सभी नियमों के तहत स्पा का संचालन कर रहे हैं। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस को रकम देनी पड़ती है। वे नियमों के तहत काम करते हैं और सारे ग्राहकों की डिटेल भी रखते हैं। उनके व्यावसाय को बदनाम और नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जांच करवा कर उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की थी।

## संचालक का वीडियो हो रहा वायरल

**गृहमंत्री के आदेश पर कार्रवाई**



वायरल वीडियों में कैद तस्वीर।

### दूसरी पोस्टिंग में शहर आए थे एएसपी

निलंबित एएसपी जायसवाल की शहर में दूसरी बार पोस्टिंग की गई थी। पूर्व में उनका यहां से तबादला जांजगीर हो गया था। कुछ समय बाद फिर से तबादला में शहर आ गए थे, इसके बाद उनका तबादला जीपीएम किया गया था। इसी तरह जिले में कई अधिकारी हैं जो दूसरी तीसरी बार पोस्टीगि कराकर शहर में जमे हुए हैं।

### यह लिखा है आदेश में

राज्य शासन के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राजेन्द्र जायसवाल तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर जिला बिलासपुर द्वारा स्पा चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली, मासिक धनराशि न देने पर नुकसान पहुंचाने संबंधी शिकायत छवि धूमिल करने वाली है, वीडियो क्लिप एवं आवेदक के बयान से गंभीर कदाचरण एवं भ्रष्टाचार करने के संबंध में प्राप्त शिकायत प्रथम दृष्टया छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 3 के विपरीत होने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम, 1966 के नियम 9 के अतंर्गत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करता है। वर्तमान में एएसपी जायसवाल जीपीएम में पदस्थ थे।

### वीडियो में एएसपी कह रहे थे सिस्टम से चलना होगा

सोशल मीडिया में स्पा सेंटर संचालक व पूर्व बिलासपुर एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल के बीच बातचीत का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एएसपी जायसवाल पूछ रहे हैं कि तुम्हे काम नहीं करना है क्या ? स्पा सेंटर संचालक कहता है काम तो कर ही रहे हैं सर। एएसपी कहते हैं कि जिसके माध्यम से तुम आए हो, इसलिए मै कुछ नहीं कहता, पर जो कमिटमेंट है वह हो जानी चाहिए। नहीं तो टीम भेजूंगा फिर रेड मारने, मुझे तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा, पर तुम्हे बहुत फर्क पड़ जाएगा, देखता हूं फिर कितने ग्राहक आते हैं। सुधर ही जाओगे तुम लोग। इसी समय केबिन में मौजूद एक अन्य व्यक्ति कहता है कि जो सिस्टम है उसे फालो करो। स्पा संचालक कहता है कि सर हम 8 साल से काम कर रहे हैं, कोई गलत काम नहीं करते हैं। सभी साफ सुथरा काम करते हैं और सिस्टम में रहकर थाने में भी पहुंचाते हैं और यहां भी पहुंचाते हैं। यह सुनते ही एएसपी जायसवाल भड़क जाते हैं और कहते हैं कि तुम तमीज से बात करो, तुम्हारी औकात नहीं है मेरे सामने बैठने की, मेरे केबिन में घूसने की। जिसके साथ तुम आए हो उसकी वजह से तुम मेरे केबिन में घुस पाए हो वरना तुम्हें भगा देता। केबिन में मौजूद दूसरा व्यक्ति कहता है कि जहां तुम बैठे हो वहां से शहर चलता है और उनके सोल्डर पर अशोक स्तंभ है, तुम कोई टीआई या आरक्षक से बात नहीं कर रहे हो, जो सिस्टम है उसे सिस्टम से फालो करो। यह वीडियो 12 दिसंबर 2025 को एडीशनल एसपी सिटी जायसवाल के चेंबर का है।

### पूर्व में भी हुआ था लेनदेन का खुलासा

पूर्व में एक आईपीएस अधिकारी ने तोरवा क्षेत्र के एक स्पा सेंटर में दबिश देकर युवती युवती व मैनेजर को पकड़ लिया था। अनैतिक गतिविधियां पाए जाने पर उनके खिलाफ पीटा एक्ट की कार्रवाई की गई थी। पूछताछ के दौरान मैनेजर ने खुलकर अधिकारी को कह दिया था कि संबंधित थाने को महीने में पैसा दिया जाता है उसके बाद भी कार्रवाई की जा रही है। आलम यह था कि मैनेजर व युवक, युवती के पकड़े जाने के बाद थानेदार थाने छोड़कर चला गया था। आईपीएस अधिकारी को दूसरे थाने से विवेचक बुलाकर कार्रवाई करनी पड़ी थी।

## सभी बीईओ को निर्देशित किया गया कि ऐसे शिक्षकों का वेतन आहरण ना करें

# वीएसके एप में पंजीयन नहीं, जिले के 4 हजार शिक्षकों को नहीं मिलेगा इस महीने का वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विद्या समीक्षा केंद्र एप वीएसके के पंजीयन को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल की नाराजगी के बाद जिला शिक्षा विभाग ने भी सख्ती दिखाई है। इसमें 4 हजार से अधिक शिक्षकों का वेतन इस महीने नहीं बनाया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी बीईओ को लिखे पत्र में साफ कहा है, जिन शिक्षकों ने अब तक वीएसके में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं किया है, उनको इस महीने की सैलरी नहीं मिलेगी। सभी बीईओ को निर्देशित किया गया है कि ऐसे शिक्षकों का वेतन आहरण ना करें। कलेक्टर के निर्देश से बीईओ पर भी कार्रवाई की तलवार लटक गई है। डीईओ ने अपने पत्र में साफ लिखा है, अपडेशन में हो रहे विलंब को लेकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई है।

जिले के जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे ने राज्य शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए जिले के बीईओ को पत्र लिखकर व्हीएसके पोर्टल में 100% पंजीयन, उपस्थिति एवं आपार आईडी निमार्ण को प्राथमिकता के साथ पूरा करने की हिदायत दी है। डीईओ ने साफ लिखा है कि वीएसके में शत-प्रतिशत पंजीयन और अपार आईडी का कार्य पेंडिंग होने की स्थिति में वेतन नहीं मिलेगा। ऐसे शिक्षकों को इस महीने का वेतन आहरण ना करने की हिदायत भी दी है।




### यू डाईस पोर्टल में भी अपडेशन नहीं

जिला शिक्षा विभाग की ओर से कहा गया है कि निरन्तर निर्देश के बाद भी यू डाइस पोर्टल में आधार वेलिडेट होने के बाद भी विद्यालयों द्वारा आपार आईडी निर्माण नहीं किया जा रहा है। अतः आप इसमें व्यक्तिगत रुचि लेते हुए समस्त शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में शत प्रतिशत अपार आईडी निमार्ण हेतु उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

डीईओ ने पत्र में लिखा है, स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त शासकीय विद्यालय में कार्यरत सहायक शिक्षक, शिक्षक, प्रधान पाठक, व्याख्याता, प्राचार्य की ऑनलाइन उपस्थिति व्हीएसके पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। बार-बार निर्देश के बाद भी व्हीएसके पोर्टल में पंजीयन की गति अत्यन्त धीमी है।

### मुख्य सचिव करेंगे इसकी समीक्षा

डीईओ द्वारा जारी पत्र में लिखा है कि 02 फरवरी 2026 को आयोजित कलेक्टर कंफ्रेन्स में मुख्य सचिव, द्वारा व्हीएसके पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन, उपस्थिति की समीक्षा की जाएगी। डीईओ ने सभी बीईओ को हिदायत दी है कि मुख्य सचिव के कांफ्रेंस से पहले पूरी व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाए। जारी पत्र में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से दोटूक कहा गया है, 27 जनवरी 2026 तक प्रत्येक विद्यालय शत प्रतिशत शिक्षकों का व्हीएसके पोर्टल में पंजीयन एवं विद्यालय में उपस्थित छात्र, छात्राओं की ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी।



## खाली गोदाम में लगी आग, मचा हड़कंप

**बिलासपुर।** खाली गोदाम में कचरे में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। दमकल के पानी से आग पर काबू पाया है।
बुधवार को बहतराई स्थित एक खाली गोदाम के कचरे में आग लगने से आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। सूचना पर सरकण्डा पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल के पानी से आग पर काबू पा लिया गया है। आग बुझने के बाद आसपास के लोगों ने राहित की सास ली। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, खाली गोदाम के कचरे में आग लगी थी।

# एसडीएम-तहसीलदार प्रोटोकॉल में, कर्मचारियों की मौज

एसडीएम व तहसीलदारों का आए दिन प्रोटोकॉल या अन्य कार्यों में व्यस्त होने के कारण तहसील ऑफिस में उपस्थिति का समय तय नहीं है, जिसका भरपूर लाभ यहां पदस्थ कर्मचारी उठा रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार एक जनवरी से इस ऑफिस में भी ऑनलाईन अटेंडेंस सिस्टम लागू किया जाना था, लेकिन अब तक लागू नहीं हो सका है। ऐसी स्थिति में पक्षकारों को कर्मचारयों का इंतजार करते परिसर में अनावश्यक समय बिताना पड़ रहा है।

- अपनी मर्जी से ऑफिस पहुंच रहे कर्मचारी

तहसील आफिस में कर्मचारियों की फिलहाल भारी मौज है। पिछले डेढ़ महीने से लगातार एसआईआर ड्यूटी कर रहे तहसीलदार एवं एसडीएम को ज्यादातर प्रोटोकॉल एवं राजस्व से संबंधित कार्यों के चलते अन्यत्र जाना पड़ जाता है। ऐसे में आफिस पहुंचने के निर्धारित समय में वे कार्यालय नहीं पहुंच पाते। इधर अधिकारियों की अनुपस्थिति का लाभ उठाते हुए कर्मचारी भी सुबह दस बजे आफिस पहुंचने के बजाय अपनी इच्छानुसार आफिस पहुंच रहे हैं। ऐसे में दूरदराज से आए पक्षकारों को राजस्व से संबंधित अपने आवेदन प्रस्तुत करने में भी दिक्कत हो रही है। कर्मचारियों के आने तक उन्हें तहसील कार्यालय परिसर में ही टाइम पास करना पड़ता है। शासन द्वारा एक जनवरी से सारे शासकीय कार्यालयों में ऑनलाईन अटेंडेंस की व्यवस्था प्रारंभ करने के निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन ज्यादातर विभागों में फिलहाल यह व्यवस्था प्रारंभ नहीं हो सकी है। ज्यादातर विभागों में इस व्यवस्था का लागू होना तो दूर कर्मचारियों ने अपने मोबाईल फोन में एप तक डाऊनलोड नहीं किया है। बगैर एप डाऊनलोड के ऑनलाईन अटेंडेंस संभव नहीं है। नेटवर्क एवं टेक्निकल खराबी का बहाना बनाकर कर्मचारी अपनी मनमर्जी से आफिस आवाजाही की परंपरा को बरकरार रखे हुए हैं।

### दिए गए निर्देश

शासन के निर्देशानुसार ऑनलाईन अटेंडेंस सिस्टम यहां भी लागू तो होना है, लेकिन फिलहाल यह शुरू नहीं हो सका है। कर्मचारियों को निर्धारित समय में सीट में उपस्थित हो जाने के निर्देश पहले से ही दिए गए हैं।

**- मनीष साहू**
एसडीएम बिलासपुर

### एयू ने घोषित किए बीएससी होम साइंस के परिणाम

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में नई शिक्षा नीति तहत बीएससी होम साइंस प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिए गए। स्नातक स्तर के पाठयक्रमों के परीक्षा के बाद यूनिवर्सिटी द्वारा यह इस सत्र का पहला परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के कुलपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधारित शिक्षा प्रणाली विद्यार्थियों के सर्वांगीण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन तथा नई शिक्षा नीति की प्रभावशीलता को दर्शाता है। छात्र-छात्राएं अपना परीक्षा परिणाम यूनिवर्सिटी की वेबसाईट पर देख सकते हैं।




अठारहवीं पुण्यतिथि
तिथि माघ शुक्ल पक्ष-चतुर्थी
स्व. श्री गणेश किशोर (राहुल) देवांगन
की आज अठारहवीं पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं.
स्व. श्री गणेश किशोर (राहुल) देवांगन
जन्म 19.09.1975 निर्वाण 10.02.2008
शोकाकुल- समारू लाल देवांगन-श्रीमती सुशीला देवी देवांगन (माता-पिता) सुनील-कुमुदनी (भैया-भाभी), रविशंकर- सीतादेवी (चाचा-चाची), संतोष-रजनी (चाचा-चाची), अमित-ज्योति (भाई-बहु), रामायण-सरोज (बहन-बहनोई), रोशन-मनोरमा (बहन-बहनोई), सतीश-देवीना (बहन-बहनोई), आशुतोष-मंजू (बहन-बहनोई), श्रीमती अदिति-भूपेश (बहन-बहनोई),गजेन्द्र, विकास (भाई) कु. निशि (भतीजी) प्रान्शू, सागर, शौर्य (भतीजा) एवं समस्त देवांगन परिवार तथा मित्रगण जूना बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)


# पुलिस हुई हाईटेक, बहाना नहीं बना पाएंगे बीट प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अब डिजिटल माध्यम से पुलिसिंग की शुरूआत की जा रही है। इसके लिए विभाग ने एक एप लांच किया है। एप का क्यूआर कोड संवदेनशील इलाके में भेजा जाएगा। बीट प्रभारी वहां जाकर कोड की स्केनिंग करेगा, जिससे अधिकारियों को जानकारी हो जाएगी कि बीट प्रभारी वहां गया हुआ है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर जिले में बीट प्रणाली से पुलिसिंग हो रही है, किन्तु कई बार बीट प्रभारी अपने बीट में नहीं जाते हैं। जिससे क्षेत्र से सूचना संकलन नहीं हो पाता है। इसके अलावा क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति नहीं हो पाती है। अब पुलिस ने बीट प्रणाली का हाईटेक बनाते हुए डिजिटल रूप दिया जा रहा है। विभाग के द्वारा एक एप बनाया गया है। जिसका क्यूआर कोड संवेदनशील एरिया के दुकानों में लगाया जाएगा। बीट प्रभारी वहां जाकर स्केनिंग करेंगे। जिससे क्षेत्र के थानेदार व राजपत्रित अधिकारियों को एप के माध्यम से जानकारी हो जाएगी कि बीट प्रभारी अपने बीट में गया है। बीट में पुलिसकर्मियों के जाने से क्षेत्र में होने वाले गतिविधियों की जानकारी हो पाएगी।

इसके अलावा पुलिस की उपस्थित दर्ज होगी। कोतवाली सीएसपी गगन कुमार ने बताया, पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक डिविजन कोतवाली क्षेत्र में लागू किया जा रहा है। आने वाले समय में इसे पुरे जिले और फिर प्रदेश में लाग करने की तैयारी है।




# भगवान श्री राम के जन्म भूमि से लेकर उनके ननिहाल चंद्रखुरी रायपुर तक का सफर




राम मंदिर एक महत्वपूर्ण आंशिक रूप से निर्मित मन्दिर है जो अयोध्या, उत्तर प्रदेश, भारत में है। जनवरी 2024 में इसका गर्भगृह तथा प्रथम तल बनकर तैयार किया गया और इसमें श्रीराम के बाल रूप में विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

राम मंदिर के निर्माण की शुरुआत के लिए भूमिपूजन 5 अगस्त 2020 को किया गया था। मंदिर की देखरेख श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा की जा रही है। मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी 2024 को पूरा किया गया।

राम मंदिर का मूल डिज़ाइन 1988 में अहमदाबाद के सोमपुरा परिवार द्वारा तैयार किया गया था। सोमपुरा ने कम से कम 15 पीढ़ियों से दुनिया भर में 100 से अधिक मंदिरों के डिजाइन में योगदान दिया है, जिसमें सोमनाथ मंदिर भी शामिल है। मंदिर के मुख्य वास्तुकार चंद्रकांत सोमपुरा थे, उनकी सहायता उनके दो बेटे, निखिल सोमपुरा और आशीष सोमपुरा ने की, जो वास्तुकार भी हैं। मूल से कुछ बदलावों के साथ एक नया डिज़ाइन, 2020 में सोमपुरा द्वारा तैयार किया गया था हिंदू ग्रंथों, वास्तु शास्त्र और शिल्पा शास्त्रों के अनुसार। मंदिर 250 फीट चौड़ा, 380 फीट लंबा और 161 फीट (49 मी॰) होगा ऊँचा। एक बार पूरा होने पर, मंदिर परिसर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा हिंदू मंदिर होगा। इसे नागर शैली की वास्तुकला की गुर्जर - चालुक्य शैली में डिज़ाइन किया गया है, जो एक प्रकार की हिंदू मंदिर वास्तुकला है जो मुख्य रूप से उत्तरी भारत में पाई जाती है। प्रस्तावित मंदिर का एक मॉडल 2019 में प्रयाग कुंभ मेले के दौरान प्रदर्शित किया गया था। मंदिर की मुख्य संरचना तीन मंजिला ऊंचे चबूतरे पर बनाई गई है। इसमें गर्भगृह के मध्य में और प्रवेश द्वार पर पांच मंडप है। एक तरफ तीन मंडप कुडु, नृत्य और रंग के है और दूसरी तरफ के दो मंडप कीर्तन और प्रार्थना के लिए हैं। नागर शैली में मंडपों को शिखरों से सजाया जाता है। इमारत में कुल 366 कॉलम हैं। स्तंभों में प्रत्येक में 16 मूर्तियाँ जिनमें शिव के अवतार, 10 दशावतार, 64 चौसठ योगिनियाँ और देवी सरस्वती के 12 अवतार शामिल होंगे। सीढ़ियों की चौड़ाई 16 फीट (4.9 मी.) है । विष्णु को समर्पित मंदिरों के डिज़ाइन के अनुसार, गर्भगृह अष्टकोणीय है। मंदिर 10 एकड़ (0.040 कि. मी.) में बनाया जाएगा, और 57 एकड़ (0.23 कि. मी.) भूमि को एक प्रार्थना कक्ष, एक व्याख्यान कक्ष, एक शैक्षिक सुविधा और एक संग्रहालय और एक कैफेटेरिया सहित अन्य सुविधाओं के साथ एक परिसर में विकसित किया गया है। मंदिर का दर्शन प्रतिदिन लाखों की संख्या में कर रहे।





# भगवान श्री राम और राम कथा वाचक



स्व. श्री बाबूलाल जी दुबे
भूतपूर्व मालगुजार, जुझारभाटा
जिला- मुंगेली (छ.ग.)

आज की ही तारीख पर हमारे आराध्य भगवान श्री रामचंद्र जी के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हुआ था व आज की तारीख में शिखर पर ध्वजा का कार्य भी सम्पन्न हो चुका है। आज हमें इस पावन दिन पर राम, राम कथा और उससे जुड़ी हुई स्मृतियों को याद करने का दिन है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का हमारे प्रदेश छत्तीसगढ़ में ननिहाल है और इसीलिए हमारे यहां उन्हें भांजा के रूप में भी पूजा जाता है। इसी कारण से छत्तीसगढ़ में भांजा और भांजी विशेष रूप से पूज्नीय होते हैं।

आइये अब हम 1980 -90 के दशक में चलते हैं, जिस दशक में मेरी पैदाइश मुंगेली से लगभग 13 किलोमीटर दूर ग्राम जुझार भाटा में हुई व मेरे पिताजी आदरणीय स्वर्गीय श्री बाबूलाल जी दुबे (मालगुजार ग्राम जुझार भाटा) राम कथा प्रवचन कर्ता के रूप में काफी लोकप्रिय थे उनकी लोकप्रियता बिलासपुर जिले के छतौना, दगौरी, बोदरी व मुंगेली जिले के ग्राम सालेघोरी तक फैली हुई थी। और अपने आराध्य श्री राम की वजह से ही अपने परिवार में शिक्षा व आर्थिक समृद्धि की बात कहां करते थे ।

आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी यादें व उनका आशीर्वाद हमेशा हमारे परिवार वह हमारे समाज को मिलता रहेगा।

मेरे जन्म भूमि से मेरा ननिहाल लगभग 5 किलोमीटर दूर ग्राम करेसरा (जिसे हम अपने समाज की सांस्कृतिक व शैक्षणिक राजधानी भी कह सकते हैं) स्थित है जहां हमारे पूज्य नानाजी श्री काशी प्रसाद उपाध्याय जी की जन्म और कर्म भूमि है।

# सनाढ्य ब्राह्मण समाज के वट वृक्ष हैं आदरणीय श्री काशी प्रसाद उपाध्याय जी



आदरणीय
श्री काशी प्रसाद उपाध्याय जी
प्रख्यात राम कथा वाचक
ग्राम कारेसरा, जिला- मुंगेली (छ.ग.)

दीन दयाल बिरिदु संभारी।
हरहु नाथ मम् संकेंट भारी ॥

सुफल मनोरथ होहुं तुम्हारे।
रामु लखनु सुनि भय सुखारे।।

सीता राम चरण रति मोरे।
अनुदिन बढ़उ अनुग्रह तोरे॥

जहाँ सुमति तहँ संपति नाना।
जहाँ कुमति तहँ बिपति निदाना ॥
होइहि सोइ जो राम रचि राखा।
को करि तर्क बढ़ावै साखा ॥

ग्राम कारेसरा हमारे छत्तीसगढ़ ब्राह्मण समाज की ऐतिहासिक गांव है जहां संस्कार व शिक्षा की खुशबू वहां की मिट्टी में है। सामाजिक पुरोधा के धनी बैरिस्टर बबा के नाम से प्रसिद्ध स्वर्गीय श्री छेदीलाल उपाध्याय जी की स्मृति भी आज हमारे जहन में है।

इस पावन भूमि पर भगवान राम की असीम कृपा से काफी प्रतिभावान लोग जिसमें ख्याति प्राप्त ज्योतिषी (स्व. श्री रेवाराम उपाध्याय जी), वरिष्ठ सामाजसेवी व अधिवक्ता श्री दाताराम उपाध्याय जी, आदरणीय मझले नाना श्री नीलकंठ शर्मा जी, श्री सुभाष दीक्षित जी, श्री शिव पाल उपाध्याय जी, श्री जितेंद्र उपाध्याय जी सहित समाज को दिशा देने वाले वरिष्ठ शिक्षक गण एवं श्री संजय उपाध्याय, शैलेन्द्र उपाध्याय व बबलु मामा जी, सोम उपाध्याय, श्रीमती अनुपमा शर्मा, खोगेंद्र दीक्षित जैसे कनिष्ठ शिक्षकगण, ख्याति प्राप्त इंजीनियर श्री अजीत शर्मा व श्रेष्ठ चिकित्सकगण डॉ. अंशुल, डॉ. आकाश, डॉ. स्वधा एवं डॉ. विवेक उपाध्याय, बैंकिंग के क्षेत्र में भाई विजयनंद दीक्षित एवं व्यवसाय के क्षेत्र में आदरणीय छोटे नाना श्री सतानंद शर्मा जी व रेल्वे फार्मासिस्ट (चेन्नई जोन) में भोजराज दीक्षित व सामाजिक संगठन को समृद्ध बनाने हेतु समाज के लिए समर्पित अध्यक्ष मामा मनीष उपाध्याय जी सहित सभी पदाधिकारी लोग पूरे सेवा भाव से हमारे समाज को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे है।

जिसके वजह से पूरे छत्तीसगढ़ में ग्राम कारेसरा सहित समूचे सनाढ्य ब्राह्मण समाज का नाम रोशन हो रहा है व हमारा समाज तेजी से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।
लेकिन इन सबके बीच न केवल मुंगेली क्षेत्र में बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में हमारे, समाज के प्रतिष्ठित व पूज्यनीय राम कथा वाचक आदरणीय श्री काशी प्रसाद उपाध्याय जी, जिन्होंने भगवान श्री राम की महिमा को बखान करने के लिए छत्तीसगढ़ के अधिकतर जगह में सेवा भाव से अपनी उपस्थिति देते रहे। उनकी लोकप्रियता पूरे छत्तीसगढ़ में है व आज भी मुझे याद है कि उन्हें राम कथा प्रवचन के लिए प्रतिदिन लोगों के मिलने का सिलसिला चलता रहता था।

अपने प्रखर ओजस्वी और स्पष्ट वाणी से राम व रामायण के बारे में उनकी विस्तृत व्याख्या हर कोई को आज भी मंत्र मुग्ध कर देता है । जो सम्मान ग्राम कारेसरा, मुंगेली क्षेत्र व पूरे छत्तीसगढ़ सनाढ्य ब्राह्मण समाज को आज प्राप्त है उनमें नानाजी का बहुत बड़ा योगदान है।

हमारे आदरणीय नानाजी काफी अनुशासन प्रिय व्यक्ति रहे है। अपने छोटे भाईयो के लिए पित्र तुल्य भूमिका निभाना या अपने परममित्र आदरणीय स्व. श्री घनश्याम नानाजी के साथ बच्चों की तरह हंसी- ठिठोली उनके जीवन के अलग अलग पहलुओं को बखुबी बयां करते है।

मेरे बडे पिताजी स्व. श्री मुखीचंद दुबे जी के साथ उनकी घनिष्टता और उन दोनों की समाज के प्रति सकारात्मक सोच ही हमारे समाज को आगे बढ़ाने हेतु एक आधार स्तंभ की तरह कार्य कर रहे है।

95 वर्षीय मेरे नानाजी की जीवटता आज भी देखते बनती है व उन्हीं का आशीर्वाद है कि उनके परिवार के लोग चिकित्सक से लेकर शिक्षक तक, न्यायाधीश से लेकर पुलिस प्रशासन तक, कृषि विभाग में अधिकारी से लेकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर तक, सभी के सभी न केवल मुंगेली जिले तक बल्कि देश के कोने-कोने में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और सनाढ्य ब्राह्मण समाज व मुंगेली क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।

ईश्वर के आशीर्वाद और बुर्जुगों की प्रेरणा से ग्राम कारेसरा में दशकों से रामायण पाठ की परंपरा चली आ रही है और इस परंपरा को आगे बढ़ते हुए आज के हमारे युवा वर्ग जिसमें आदरणीय मझले मामा श्री किरण कुमार शर्मा जी और उनकी पूरी टीम मुंगेली में भी राम कथा का आयोजन नियमित रूप से कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य हमारे सनातन समाज में भगवान राम व उनकी महिमा को जानना व समझना है।

उनकी टीम में उनके साथ-साथ हमारे मार्गदर्शक डॉ. दीनानाथ उपाध्याय जी, श्री ढाबा दत्त दीक्षित जी, भाई श्री नरेंद्र दीक्षित जी, श्री रुद्रमणि उपाध्याय जी जैसे लोगों की नि:स्वार्थ भाव से समाज के प्रति राम कथा के माध्यम से जागरूकता लाने की कोशिश पर हमें गर्व है।

उनके बारे में लिखने के लिए तो बहुत कुछ है लेकिन अपने पुत्र अर्पण (जिसका आज जन्मदिन है) सहित पूरा परिवार के लिए उनके आशीर्वाद की कामना करते हुए अपनी लेखनी को यहीं पर विराम देता हूं।

## माता कौशिल्या मंदिर चंद्रखुरी रायपुर

चंद्रखुरी धाम छत्तीसगढ़ के रायपुर के पास चंदखुरी में स्थित माता कौशल्या मंदिर परिसर को संदर्भित करता है, जो भगवान राम की माता, माता कौशल्या को समर्पित एकमात्र मंदिर है। यह मंदिर एक झील के बीच में स्थित है और अक्टूबर 2021 में 'राम वन गमन पथ' परियोजना के तहत इसका जीर्णोद्धार और उद्घाटन किया गया था।

प्रमुख विशेषताएं:- स्थान: चंदखुरी गांव, रायपुर, छत्तीसगढ़ से लगभग 10-27 किमी., देवता: माता कौशल्या, भगवान राम की माँ। अद्वितीय स्थिति: यह माता कौशल्या को समर्पित विश्व का एकमात्र मंदिर है। वास्तुकला: मंदिर परिसर एक झील के बीच में स्थित है। भगवान राम की 51 फुट ऊँची मूर्ति भी परिसर का एक हिस्सा है। हालिया जीर्णोद्धार: 'राम वन गमन पथ' परियोजना के तहत अक्टूबर 2021 में मंदिर का जीर्णोद्धार और उद्घाटन किया गया।

दुनिया का एकमात्र राम की जननी माता कौशिल्या का प्रसिद्ध मंदिर छत्तीसगढ़ में स्थित है व राज से महज o कि.मी. की दुरी पर चंद्रखुरी नामक ग्राम पर सात तालाबों के बीच स्थित है।

## श्रीरामचरितमानस - चौपाई

"कोटि बिप्र बध लागहिं जाहू।
आएँ सरन तजउँ नहिं ताहू॥
सनमुख होइ जीव मोहि जबहीं।
जन्म कोटि अघ नासहिं तबहीं॥"

जिसे करोड़ों ब्राह्मणों की हत्या लगी हो,
शरण में आने पर
मैं उसे भी नहीं त्यागता।
जीव ज्यों ही मेरे सम्मुख होता है,
त्यों ही उसके
करोड़ों जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं॥


## सनाढ्य ब्राम्हण समाज इकाई मुंगेली द्वारा सुंदर कांड पाठ एवं श्रीराम चरित मानस प्रवचन



अत्यंत हर्ष का विषय है कि प्रभु श्री सीताराम जी की अहैतुकी कृपा से अयोध्या नगरी में भगवान श्रीराम जी की भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सनाढ्य ब्राम्हण समाज मुंगेली इकाई के द्वारा सामूहिक सुंदर कांड पाठ एवं श्रीराम चरित मानस प्रवचन का आयोजन किया गया है। अतः उक्त कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ावें एवं कथा श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ करें।

दिनांक 26.01.2026 दिन सोमवार

स्थान:- रामचरित मानस प्रवचन स्थल ब्राम्हण पारा काली माई वार्ड मुंगेली

समय:- दोप.1.30 बजे से सामूहिक सुंदर कांड पाठ तत् पश्चात रामचरित मानस प्रवचन



डॉ. श्री दीनानाथ उपाध्याय जी
प्रेरणास्त्रोत व मानस प्रवचन वक्ता मुंगेली



श्री किरण कुमार शर्मा जी
आदरणीय मामा



श्री ढाबा दत्त दीक्षित जी



भाई पंडित नरेन्द्र दीक्षित जी



रुद्रमणि उपाध्याय
पिता स्व. श्री घनश्याम प्रसाद उपाध्याय



श्री माधव प्रपन्नाचार्य जी
पिता श्री मुरलीधर शर्मा




संकलनकर्ता
डॉ. यशवंत दुबे
पिता स्व. श्री बाबूलाल जी दुबे
भूतपूर्व मालगुजार, जुझारभाटा
जिला- मुंगेली (छ.ग.)
नानाजी श्री काशी प्रसाद उपाध्याय जी
प्रख्यात राम कथा वाचक
ग्राम कारेसरा, जिला- मुंगेली (छ.ग.)

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 22 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

वेकैंसी

## इंडियन नेवी एसएससी ऑफिसर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी

**बिलासपुर।** इंडियन नेवी में नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए महत्वपूर्ण खबर है। भारतीय नौसेना की ओर से शॉर्ट सर्विस कमीशन ऑफिसर के लिए नोटिफिकेशन जारी कर आवेदन तिथियों का ऐलान कर दिया गया है। जो भी उम्मीदवार पात्रता पूरी करते हैं, वे इस भर्ती के लिए 24 जनवरी से 24 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भर सकेंगे। एप्लीकेशन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार होंगे, अन्य किसी भी प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। भारतीय नौसेना में एग्जीक्यूटिव ब्रांच में जनरल सर्विस, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर, नेवल एयर ऑपरेशंस ऑफिसर और पायलट SSC ऑफिसर एवं लॉजिस्टिक्स SSC ऑफिसर पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी ने पदानुसार बीई/बीटेक/ मास्टर डिग्री इन इलेक्ट्रॉनिक्स- फिजिक्स/ एमएससी आईटी/ एमसीए आदि उत्तीर्ण किया हो। इसके अलावा अभ्यर्थी का जन्म पदानुसार 2 जनवरी 2002/ 2003 और 1 जुलाई 2006/ 2007/ 1 जनवरी 2008 के बीच हुआ हो।



### इस तरह भरना होगा आवेदन

इस भर्ती में आवेदन के लिए जो उम्मीदवार पात्रता पूरी करते हैं वे वे भारतीय नौसेना के आधिकारिक भर्ती पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। एप्लीकेशन प्रॉसेस पूर्ण करने के लिए पहले पंजीकरण करना होगा और उसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। आवेदन के लिए उम्मीदवारों के पास आधार नंबर होना जरूरी है। इस भर्ती के लिए उम्मीदवारों को योग्यता के आधार पर शॉर्टलिस्ट करके एसएसबी इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जायेगा। एसएसबी के आधार पर अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी।

# पीएससी प्रीलिम्स में सी सेट को क्वालिफाई करना जरूरी

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2025 प्रीलिम्स की परीक्षा 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इसको लेकर अभ्यर्थीयों ने पेपर की तैयारी शुरू कर दी है, परीक्षा को महज 30 दिन शेष है। अभ्यर्थी दिन-रात कोर्स को पूरा करने जुटे हुए है। छत्तीसगढ की सबसे बड़ी परीक्षा जिसमें चयन होने का सपना हर अभ्यर्थी का रहता है,हर कोई कड़ी मेहनत कर सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास कर रहे है।

### जनरल स्टडी से बनेगी मेरिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीजीपीएससी प्रीलिम्स की परीक्षा में दो पेपर होंगे प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक सी सेट की परीक्षा और दूसरी पाली 3 से शाम 5 बजे तक जनरल स्टडी का पेपर होगा।

कोचिंग के संचालक बृजेन्द्र शुक्ला ने बताया कि सी सेट की परीक्षा को अभ्यर्थियों को क्वालीफाई करना अनिवार्य है और जनरल स्टडी के नंबर पेपर के आधार पर मेरिट बनेगा।




इस तरह दोनों ही पेपर अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण है, किसी भी पेपर में कम नंबर होने से अभ्यर्थियों के रिजल्ट पर असर डाल सकता है। बतादें की इस बार कुल 238 पदों पर भर्तियां होंगी, सबसे ज्यादा पद मुख्य नगर पालिक अधिकारी के लिए हैं, कुल 29 पद। इसके अलावा राज्य पुलिस सेवा में 28 पद और डिप्टी कलेक्टर के लिए 14 पद हैं।

### निगेटिव थोट का करे दूर, पाठ्यक्रम से पढ़े

स्टूडेंट्स अपने पर भरोसा कर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित रखें। पढ़ाई के दौरान किसी भी तरह की कठिनाई, मन में हताशा या नकारात्मक भाव आएं तो वे अपने पैरेंट्स, टीचर्स से बात कर समस्या का समाधान ढूंढें। इस स्थिति में पैरेंट्स व टीचर्स बच्चों का हौसला बढ़ाएं। यह टिप्स मनोवैज्ञानिक डॉ वर्षा वरवंडकर व कॅरियर काउंसलर डॉ अजित वरवंडकर बताया कि परीक्षा को लेकर सब्जेक्ट के सिलेबस ब्लूप्रिंट और मॉडल पेपर भी जारी कर दिए हैं। यह ब्लूप्रिंट व मॉडल पेपर स्टूडेंट्स के कांसेप्ट को परीक्षा से पहले ही क्लीयर कर देता है कि उनको परीक्षा की तैयारी किस पैटर्न में करनी है। वहीं स्टूडेंट्स के मन में किसी भी विषय के किसी भी टॉपिक को लेकर कोई कठिनाई या कन्फ्यूजन की स्थिति हो रही है तो अभी समय रहते वे अपने टीचर्स और पैरेंट्स से समस्या को शेयर कर लें।

### रिलेक्सेशन यानी अपनी हॉबी के लिए भी समय निकालें

मनोरोग विशेषज्ञ डॉ अविनाश शुक्ला ने कहा कि परीक्षा के समय स्टूडेंट्स का मन स्वभाविक तौर पर अति संवेदनशील मनोदशा से गुजरता रहता है। वहीं स्टूडेंट्स को सलाह है कि वे परीक्षा के दबाव या तनाव से बचने के लिए टॉपिक्स की रिवीजन टाइम टेबल बनाकर करें। साथ ही पढ़ाई के दौरान रिलेक्सेशन यानी अपनी हॉबी के लिए भी समय निकालें। पर्याप्त नींद लें और पौष्टिक भोजन रुटीन में शामिल करें। एकाएक परीक्षा के समय बिना ब्रेक के नियमित घंटों पढ़ाई से बचें।

### 4 साल बाद फिर सीएमओ की पोस्ट

मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ख और ग वर्ग की भर्ती के लिए पहले एक परीक्षा होती थी, लेकिन 2019 में नियमों में बदलाव किया गया। इसमें यह कहा गया कि इन पदों पर भर्ती राज्य सेवा परीक्षा के माध्यम होगी। सीजीपीएससी 2020 की वैकेंसी में इन पदों को भी शामिल किया गया। तब कुल 6 पदों पर भर्ती हुई थी।



### बोर्ड की परीक्षा 20 फरवरी से

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 20 फरवरी से कक्षा बारहवी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। 12वी कक्षाओं का प्रथम प्रश्न पत्र भौतिक विषय का होगा। यह 18 फरवरी तक चलेगी। सुबह 9 से दोपहर 12:15 तक परीक्षा होगी। इसी तरह कक्षा 10 वी 21 फरवरी से हिन्दी विषय की प्रश्न पत्र से यह परीक्षा शुरू हो जाएगी, जो की 13 मार्च तक चलेगी। फरवरी भर परीक्षाओं का दौर चलेगा जिसमें सभी परीक्षाएं होगी।

### प्रीलिम्स को पास करना जरूरी, मेंस व इंटरव्यू आधार

आईसीएस कोचिंग के डायरेक्टर बृजेन्द्र शुक्ला ने बताया कि सीजीपीएससी में प्रीलिम्स को पास करना अनिवार्य है, यह पास करने के बाद मेंस की परीक्षा में बैठने मिलता है। मुख्य परीक्षा क्लीयर होने के बाद इंटरव्यू में मौका मिलता है। फाईनल रिजल्ट मेंस और इंटरव्यू का रिजल्ट के आधार पर ही बनता है, प्रीलिम्स को सिर्फ पास करना जरूरी रहता है।

धर्म-क्षेत्र

## साधु वासवानी की पुण्यतिथि पर सुखमनी साहिब का पाठ



**बिलासपुर।** साधु वासवानी सेंटर रामा वैली में पूज्य साधु वासवानी की 60वीं पुण्यतिथि पर एक भावपूर्ण सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें सुखमनी साहिब का पाठ कर नूरी ग्रंथ तथा अंजलि संग्रह का भोग साहिब लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दादा साधु वासवानी, जेपी वासवानी, गुरु नानक देवजी की फोटो पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सपना कलवानी व चित्रा पंजवानी ने दादा के भजन व गीत गाए। सिंधी भजन-"ढोलन जा वेठा ढोल वजायू..की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय बना रहा। भजन के बाद दीदी कृष्णा ने प्रेरणादायी उपदेश दिया। पूज्य दादाजी का पावन उपदेश टेलीविजन के माध्यम से सुनाया गया। चित्रा पंजवानी ने कहा कि दादा का जो संदेश-खुद जियो और दूसरों को भी जीने दो, सबसे प्रेम करो, यही है, प्रेम व जीवन का रास्ता है। अंत में अरदास की गई। डॉ रमेश कलवानी ने बताया कि दादा साधु वासवानी के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में विगत चार दिनों से लगातार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शहर के विद्या आश्रम सहित अन्य आश्रमों में जाकर सेवा की गई। जरूरतमंदों को राशन वितरण कर काम करने वाले स्टाफ का सम्मान किया गया। सत्संग कीर्तन हुआ। अंत में हाथ प्रसादी संगत को भेंट की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिमी भक्तानी, प्राची, ममता, शीतल, गीता, सरिता, दीपा, पुष्पा, कविता रश्मि का सहयोग रहा।



# गुप्त नवरात्रि के तीसरे दिन देवी का विशेष पूजन, आरती

शहर के काली मंदिर, शीतला मंदिर जीडीसी चौक, दुर्गा मंदिर जरहाभाटा, हरदेव लाल मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में माघ गुप्त नवरात्रि श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई जा रही है। पर्व तीसरे दिन देवी की पूजा कर विशेष भोग लगाए गए। अठ्तरी बाती से आरती की गई। महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ शहर के मंदिरों में श्रद्धा से मनाया जा रहा पर्व

गुप्त नवरात्रि तंत्र-मंत्र और गुप्त सिद्धियों के लिए महत्वपूर्ण है। यह पर्व 28 जनवरी तक चलेगा। जिसमें साधक 10 महाविद्याओं की गुप्त साधना करते हैं। जिसमें कलश स्थापना, दुर्गा सप्तशती का पाठ और मंत्र जाप मुख्य होता है। जिससे जीवन से संकट और नकारात्मक ऊर्जा दूर हो सके और आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त हो सके। चैत्र और शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है लेकिन गुप्त नवरात्रि में देवी की दस महाविद्याओं की आराधना करने का विधान होता है। इस नवरात्रि को सिद्धि और साधना के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना गया है और ऐसी ही एक गुप्त नवरात्रि आषाढ़ मास में आती है। मान्यता है कि इस अवधि में देवी की 10 महाविद्याओं की पूजा करने से अत्यंत विशेष फल की प्राप्ति होती है और जीवन की कई समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है। गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं के नियमित 10 मंत्रों का जाप अवश्य करना चाहिए। इससे जीवन में तरक्की के द्वार खुलते हैं।

## मां बगलामुखी की आज होगी त्रिपुर भैरवी के रूप में पूजा

सरकंडा सुभाष चौक स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में गुप्त नवरात्रि पर 10 महाविद्याओं की साधना की जा रही है। चौथे दिन गुरुवार को मां ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का पूजन, आराधना त्रिपुर भैरवी देवी के रूप में किया जाएगा। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि मां त्रिपुर भैरवी विनाश और सृजन की अधिष्ठात्री, दस महाविद्याओं में चौथी महाविद्या के रूप में पूजित मां त्रिपुर भैरवी शक्ति और विनाश की वह देवी है, जो संसार के परिवर्तन और शुद्धिकरण का प्रतीक है। गुप्त नवरात्रि में इनकी साधना अत्यंत प्रभावशाली मानी जाती है। भगवान शिव के 'भैरव' स्वरूप की शक्ति है। जहां भैरव विनाश के देवता है। वहीं भैरवी उस विनाश के बाद नए सृजन की आधार शक्ति है। त्रिपुर भैरवी को 'तपस्या की देवी' मानी जाती है। वे विनाश की उस शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है जो बुराई, आलस्य और अहंकार को जलाकर भस्म कर देती है। मां त्रिपुर भैरवी की साधना से साधक को सिद्धियां प्राप्त होती है। इनका पूजन करने वाली महिलाओं को सुखी वैवाहिक जीवन मिलता है। अनहोनी का डर समाप्त हो जाता है।





### शीतला मंदिर में पर्व की धूम

जीडीसी चौक स्थित मां शीतला मंदिर में गुप्त नवरात्रि पर प्रतिदिन देवी की विशेष पूजा की जा रही है। देवी का दर्शन, पूजन करने श्रद्धालु भक्त भी मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर के पुजारी पं. मनीष पाण्डेय ने बताया कि गुप्त नवरात्रि पर मंदिर में एक कलश प्रज्जवलित किया गया है।

उन्होंने बताया कि दस महाविद्या देवी के 10 रूप है। इनका संबंध भगवान विष्णु के दस अवतारों से भी माना जाता है। ऐसे में इनकी उपासना से विशेष फल की प्राप्त होती है। देवी की दस महाविद्याओं में मां तारा, मां काली, मां भुवनेश्वरी, मां कमला, मां त्रिपुर सुंदरी, मां बगलामुखी, मां छिन्नमस्ता, मां धूमावती, मां भैरवी और मां मांतगी शामिल है।



## बसंत पर्व पर निकली कलश यात्रा

**बिलासपुर।** बसंत पर्व व युग ऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक जन्म दिवसोत्सव पर गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में मांगलिक कलश यात्रा के साथ सामूहिक गायत्री जप, नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ और दीपयज्ञ का तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित है। इसके अलवा शहर के सभी शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ, चरणपीठ एवं मंडलों पर भी कार्यक्रम कराए जा रहे हैं।

शक्तिपीठ के द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का आध्यात्मिक जन्म दिवस बसंत पंचमी को मनाया जाता है। ग्राम आंवलखेड़ा आगरा में 18 जनवरी 1926 में बसंत पंचमी पर्व के दिन दादा गुरु सर्वेश्वरानंदजी से साक्षात्कार हुआ था। इसी खुशी में गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को जीवंत दैवीय झांकियों के साथ मांगलिक कलश यात्रा निकाली गई जो गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर से निकलकर सीएमडी चौक, पुराना बस स्टैंड, तेलीपारा होकर हरदेव लाला भगवती मंदिर में पूजन पश्चात गोल बाज़ार, सदर बाज़ार, मध्य नगरीय चौक, सत्यम टाकीज चौक, अग्रसेन चौक, लिंक रोड, श्रीकांत वर्मा मार्ग से रामा मैग्नेटो चौक होकर वापस गायत्री मंदिर विनोबानगर में आरती, पूजन, स्वागत कर समापन किया गया।

### आज होगा अखंड जप

द्वितीय दिवस गुरुवार 22 जनवरी को सूर्योदय से सूर्यास्त तक सामूहिक अखंड जप तथा तृतीय दिवस शुक्रवार को बसंत पंचमी 23 जनवरी को प्रातः 8 से 11 बजे तक नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं माता सरस्वती का विशेष पूजन व संस्कार किया जाएगा। सायं 6 से 8 बजे तक गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन रखा गया है।

### शांतिकुंज में हो रहा आयोजन

वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा और प्रज्ज्वलित अखण्ड दीप के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अखिल विश्व गायत्री परिवार का केंद्र शांतिकुंज हरिद्वार में वृहद स्तर पर आयोजन रखा गया है। जिसमें बिलासपुर सहित देश-विदेश के सभी कार्यकर्ता पहुंचे हुए हैं।

## वसंत पर्व लेकर आता है नव जीवन का संदेश : डॉ पाठक

छत्तीसगढ़ी राजभाषा परिषद् द्वारा वसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर संस्कार भवन, पुराना सरकंडा में काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि ने कहा कि वसंत पर्व नव जीवन का संदेश लेकर आता है।

कार्यक्रम की शुरुआत यागिनी तिवारी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना और राम निहोरा राजपूत द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी वंदना से हुई। परिषद् के अध्यक्ष डॉ विवेक तिवारी ने स्वागत भाषण के माध्यम से परिषद् के कार्यों और उद्देश्यों की जानकारी साझा की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विनय कुमार पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि वसंत ऋतु अपनी पूर्णता और प्राकृतिक सुंदरता के साथ नव जीवन का संदेश लेकर आता है, इसीलिए इसे ऋतुराज कहा जाता है। वसंत की सुंदरता का वर्णन करना एक समृद्ध साहित्यिक परंपरा रही है। जिसे पद्माकर और सेनापति जैसे कवियों ने अपने काव्य में बेहद मनोहारी ढंग से उकेरा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ साहित्यकार काशी राम साहू ने छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति दी और ऋतुराज के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि अंजनी कुमार तिवारी 'सुधाकर', विष्णु कुमार तिवारी, डॉ मंतराम यादव और डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आयोजन की सराहना की। अंत में बिलासपुर, रतनपुर, मस्तूरी, कोटा सहित अंचल से आए कवि-कवयित्रियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत डॉ अंकुर शुक्ला, बालमुकुन्द श्रीवास, डॉ. आशीष श्रीवास, एमडी मानिकपुरी, डॉ. शत्रुघन जेसवानी, शीतल प्रसाद पाटनवार, बाल गोविन्द अग्रवाल, राजेश सोनार, ध्रुव देवांगन ने किया।



आयोजन

## पांच दिवसीय मोटापा मधुमेह शिविर 24 से

**बिलासपुर।** मोटापा एवं मधुमेह मुक्त शिविर का आयोजन 24 से 29 जनवरी तक मंगला स्थित तुलसी चौपाटी में किया जा रहा है, इस पांच दिवसीय शिविर का उद्घाटन 24 जनवरी को केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू करेंगे। आयोजक लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने बताया कि मधुमेह व मोटापा मुक्त के लिए आवासीय एवं गैर आवासीय शिविर में योग की महत्वपूर्ण क्रिया-छोटी व बड़ी आंत को सफाई कर सक्रिय बनाना। मिलेटस आधारित भोजन पद्धति कोदो, कुटकी, कंगनी, सांवा एवं छोटी कंगनी, 5 प्रकार के पॉजिटिव मिलेट के सेवन से रोग को मुक्त करेंगे। इस शिविर का उदेश्य योग आधारित जीवन शैली,आयुष चिकित्सा को बढ़ावा और कषायम्-सेवन करना है। यह कार्यशाला सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा जिसमें शामिल आवासीय लोगों को वही पांच दिनों तक रहना पड़ेगा। इस शिविर को सफल बनाने में लक्ष्मीनारायण अग्रवाल,मोहनीश कौशिक, शरद चंदेल,अजय सूर्यवंशी,अमित चतुर्वेदी,गोविंद तिवारी, अंजू राजपूत, अंकित श्रीवास सहित अन्य लोग जुटे है।



स्पोटर्स न्यूज

# रस्साकशी में सुंदरम निकेतन, क्रिकेट में सत्यम निकेतन बने फाइनल विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान के खेल मैदान में वार्षिक खेल महोत्सव 2025-26 के तहत रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रो मीता मुखर्जी के आथित्य में विभागीय बीएड प्रशिक्षार्थियों के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता से हुई। इस खेल में 40 से 55 वर्ष की आयु के विभागीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जहाँ प्रत्येक टीम में 8-8 खिलाड़ी शामिल थे जिनका औसत वजन 75 किलोग्राम रहा। अपनी ताकत और तालमेल का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 'सुंदरम निकेतन' ने फाइनल में 'शिवम निकेतन' को 2-0 से हराकर ख़िताब अपने नाम किया।

शिवम की ओर से कप्तान भुवन बिंझवार, तिलक प्रधान, दिलबोधन, देवकरण ग्वाला एवं उनके साथियों ने शानदार प्रदर्शन किया किन्तु सुंदरम के कप्तान सुरेश कुजूर, दीपक केरकेट्टा, गौरीशंकर राठिया, सुरेश जाटवर, शिवनंदन साहू, महेन्द्र प्रसाद, अमल साय एवं उनके साथियों की शानदार डिफेंडिंग एवं सधी हुई रणनीतिक पुल अप के सामने घुटने टेकने पड़े। और फाइनल उपविजेता के रूप ही संतोष करना पड़ा। इसके बाद सुबह 10 बजे से क्रिकेट का फाइनल मुकाबला सत्यम और मधुरम निकेतन के बीच खेला गया. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सत्यम निकेतन की टीम ने 10 ओवर में 103 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया. टीम की ओर से कप्तान ओमकार कुर्रे ने तूफानी पारी खेलते हुए मात्र 23 गेंदों में 55 रन बनाए, जिसमें 6 छक्के और 3 चौके शामिल थे. अमर ने भी 33 रनों का अहम योगदान दिया. मधुरम निकेतन की ओर से गेंदबाजी में अंकुर ने 2 विकेट लिए।

सफल बनाने में राजकुमार जगत, तिलक प्रधान,अनुराग खेस, अंकुर आशीष, गजेन्द्र सिंह , अरविन्द सिंह, मनोज आदित्य, पूरन तांजय, अश्वनी कौशिक, पिलेश्वर लहरे, प्रेमदत्त कौशिक,रामकुमार सोनी, हिमाद्री श्रीवास्तव, माया दत्ता, हरिशंकर साय पैकरा, आजूराम, अमल साय, हिमाद्री श्रीवास्तव, माया दत्ता, गोरे लाल उरांव, संतोष चंद्रा, संतोष ढीमर,चमन कुमार,देवनाथ महेश,मोहन लाल पटेल आदि प्रशिक्षार्थियों ने अपना विशेष योगदान दिया।





### 6 रनों से जीता मैच

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मधुरम निकेतन की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर 97 रन ही बना सकी और सत्यम निकेतन ने यह मैच 6 रनों से जीत लिया। मधुरम के लिए कप्तान अंकुर ने 26 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली सत्यम की जीत के असली हीरो आकाश कुमार रहे, जिन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में मात्र 4 रन देकर हैट्रिक विकेट झटके और अपनी टीम को चैंपियन बनाया। पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर रहा और दर्शकों ने तालियों के साथ विजेता टीम का स्वागत किया। सत्यम के आकाश कुमार को प्लेयर आफ द मैच तो सत्यम के ही अमर मलिक को उनके पुरुष वर्ग क्रिकेट अपने सभी मैचों में उत्कृष्ट हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर आफ द सिरिज के ख़िताब से नवाजा गया।

## खबर संक्षेप

### सीपत कप क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ आज

**सीपत।** ग्राम पंचायत सीपत के तत्वाधान में सीपत कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार 22 जनवरी से शुरू महाविद्यालय सीपत के खेल मैदान में किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, जिसे लेकर क्षेत्र के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार इस वर्ष प्रतियोगिता में पहले पंजीकृत 32 टीमों को ही प्रवेश दिया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31 नकद एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 16 हजार नगद एवं ट्रॉफी व तृतीय पुरस्कार 10 हजार नगद एवं ट्रॉफी निर्धारित किया गया है। आयोजन समिति ने बताया कि, प्रतियोगिता के तहत प्रत्येक लीग मैच 8 ओवर का होगा। फाइनल मुकाबला 10 ओवर का खेला जाएगा। प्रतियोगिता से संबंधित सभी नियम एवं शर्तें समिति के पास सुरक्षित रहेंगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी आयोजन समिति के सदस्य टील्ली वर्मा ने दी।

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 14 से

**मुंगेली।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा जिले के युवाओं एवं खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की मेजबानी में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 14 फरवरी से आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाउपारा में 'मशाल गौरव रथ यात्र' और शुभंकर मोर वीर का उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ आईपी यादव सहित स्कूल के शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पॉल ने बताया कि, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से राज्य भर में 'मशाल गौरव रथ यात्रा' निकाली जा रही है, जो विभिन्न जिलों का भ्रमण करते हुए जनमानस को खेलों के प्रति जागरूक कर रही है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखजएँ स्टेडियम में मोर वीर शुभंकर का सम्मान किया गया तथा खिलाड़ियों से परिचय कराया गया।

### एमपीएल की विजेता बनी निखिल वर्मा इलेवन

मोपका। मोपका में आयोजित एमपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच निखिल वर्मा इलेवन एवं निखिल सूर्या इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें निखिल वर्मा इलेवन ने जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में साखन दर्वे, मोहन श्रीवास, कमल गुप्ता, राम नारायण केवरा तथा दिलीप यादव थे मौजूद रहे। मैच के कमेंटेटर वा संचालनकर्ता संदीप सूर्यवंशी थे, वहीं स्कोरर का काम मनीष एवं बिनोद ने निभाया।

### ढ़ोलगी में अखंड नवधा रामायण 23 से

**लोरमी।** ग्राम ढ़ोलगी में 46वें वर्ष श्रीराम चारित्र मानस अखंड नवधा रामायण का आयोजन 23 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजन किया जा रहा है। नवधा रामायण के आचार्य पंडित परमानंद तिवारी हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने सरपंच रोहित गंधर्व, मनजीत मरकाम, कैलाश मरकाम, वीरेंद्र यादव, रवि यादव, रोहित राजपूत, अश्वनी मरावी, अशोक गंधर्व, सत्यनारायण राजपूत, देवा ध्रुव, पप्पू शिवहरे, अजय, श्यामलाल, रामलाल, खेम, रघुवीर नेताम सहित अन्य जुटे हैं।

## मझगांव प्रीमियर लीग के समापन में शामिल हुए केंद्रीय राज्य मंत्री

# आज अकेला नहीं है देश का खिलाड़ीः तोखन

**मझगांव-कोटा।** ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित 'मझगांव प्रीमियर लीग' का समापन बुधवार को हुआ। इसमें कोटा विधानसभा की 15 ग्राम पंचायतों और जीपीएम जिले की 15 ग्राम पंचायतों की कुल 30 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रतियोगिता की विजेता ग्राम केन्द्रा रही।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू उपस्थित रहे। स्थानीय जनजातीय कलाकार रवि पैकरा ने राज्यमंत्री की शानदार पेंटिंग उन्हें भेंट की।

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने विजेता टीम ग्राम केन्द्रा को अपने हाथों से 31 हजार नकद पुरस्कार राशि और ट्रॉफी भेंट की। प्रतियोगिता का द्वितीय पुरस्कार 16 हजार नकद ग्राम आमाडांड, राम सोनबचरवार को तृतीय पुरस्कार 8 नकद व ग्राम केन्दडांड को चतुर्थ पुरस्कार 5 हजार नकद प्रदान किया गया। इसके साथ ही उन्होंने मझगांव गांव के विकास के लिए 5 लाख देने की घोषणा भी की। खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए तोखन साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खेल प्रेम का भावुक उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, आज देश का खिलाड़ी अकेला नहीं है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण चौहान, निरंजन पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा, उपेन्द्र बहादुर, स्वामी कृष्णा पन्नाचार्य, लखन पैकरा, मनोज गुप्ता, गोलू राठौड़, गजानंद श्रीवास और रवि पैकरा, रजत जैन सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और खेलप्रेमी उपस्थित रहे।


विजेता खिलाड़ियों के साथ तोखन साहू।

## तोखन ने किया तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के कैलेंडर का विमोचन



**पेंड्रा।** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं बिलासपुर लोकसभा सांसद तोखन साहू ने बुधवार को जिला जीपीएम के कलेक्टोरेट प्रांगण में आयोजित दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, जिला शाखा के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मरवाही क्षेत्र विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची तथा जिला कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों एवं कर्मचारी संघ की विशेष मांग पर रेलवे से संबंधित प्रमुख मांगों को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया, जिस पर उन्होंने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला संरक्षक नागेन्द्र मणि त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष सचिन तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विशाल सिंह ठाकुर एवं उदय भारती, जिला कोषाध्यक्ष अशोक पांडे, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला संयोजक पीयूष कुमार गुप्ता, तहसील शाखा पेंड्रा अध्यक्ष संजय सोनी, तहसील शाखा गौरेला अध्यक्ष तुलसीदास महिलांगे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।


**बिलासपुर।** भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से दिल्ली में मुलाकात कर बेलतरा विधायक सुशान्त शुक्ला ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगे दीपक

**सीपत।** शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत के लिए यह गर्व का क्षण है कि, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक दीपक कुमार राठौर का चयन दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने अभिभावक के साथ सहभागिता के लिए हुआ है। यह चयन माय भारत पोर्टल के अंतर्गत अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम तथा साइबर सुरक्षा अभियान में सक्रिय सहभागिता और एनएसएस की वर्षभर की गतिविधियों को पोर्टल पर प्रभावी रूप से दर्ज करने के आधार पर क्षेत्रीय निदेशालय की ओर से किया गया है। उल्लेखनीय है कि, पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से केवल चार एनएसएस स्वयंसेवकों को ही यह सम्मानजनक अवसर प्राप्त हुआ है, जिनमें शामिल होकर दीपक कुमार राठौर ने मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि से एनएसएस परिवार सीपत में हर्ष और उत्साह का माहौल है। बता दें



कि, रॉक निवासी दीपक राठौर पिता धरमवीर राठौर वर्तमान में सीपत मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय में बीएससी बायोलॉजी फाइनल ईयर के छात्र हैं। दीपक ने पत्रकारों को बताया कि, यह उपलब्धि मेरी नहीं, बल्कि मेरे महाविद्यालय, एनएसएस इकाई और मेरे मार्गदर्शकों की देन है। कार्यक्रम अधिकारी शत्रुहन घृतलहरे ने दीपक की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि, दीपक राठौर की यह उपलब्धि एनएसएस की निरंतर सेवा, अनुशासन और समर्पण का प्रतिफल है। यह चयन आने वाले स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा।



## पाली स्कूल की छात्राओं को किया गया सायकल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने शासन की योजना सरस्वती निःशुल्क सायकल के तहत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पाली में कक्षा नवमीं की 40 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत की उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, विशिष्ट अतिथि भाजपा महामंत्री प्रदीप कश्यप और संतोष कश्यप मौजूद थे।

संस्था के प्राचार्य एके कौशिक ने स्वागत भाषण और सरस्वती सायकल योजना की जानकारी प्रदान की। ललिता कश्यप ने कहा कि सरस्वती सायकल योजना ने बालिकाओं को हाईस्कूल में प्रवेश हेतु महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। प्रदीप कौशिक ने छात्राओं को कठिन परिश्रम कर अपना तथा अपने विद्यालय का नाम रौशन करने हेतु प्रेरित किया। संतोष कश्यप ने हाईस्कूल को उन्नयन कर हायर सेकेंडरी हेतु प्रयास करने का संकल्प छात्राओं को दिलाया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष एके मजूमदार, सदस्य सुखदेव ध्रुव, रौशन खान, खेमन सिंह, पूर्व माध्यमिक शाला पाली के प्रधानपाठक मनीष सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गीता शर्मा और आभार दिनेश कश्यप ने किया।

## खेल से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास

### संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में 17 स्कूलों के बच्चों ने दिखाए जौहर

**सीपत।** सीपत संकुल स्तरीय खेलकूद महोत्सव 2025-26 की श्रृंखला में संकुल केंद्र कन्या एवं बालक स्कूल सीपत के संयुक्त तत्वावधान तथा स्व बालक राम लदेर सेवा संस्था, जांजगीर-चांपा के विशेष सहयोग से अंतर-संकुल स्तरीय खेल महोत्सव का भव्य आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कौवाताल में किया गया।

दो दिवसीय खेल महोत्सव 19 जनवरी 2026 को प्रारंभ होकर 20 जनवरी 2026 को पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 17 विद्यालयों के 150 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी रहे। कार्यक्रम में जनपद सभापति मनोज खरे, जनपद सदस्य उषा देवी कैवर्त, उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भट्ट, कन्या सीपत प्राचार्य एबी कुजूर, सेजेस प्राचार्य सरिता यादव, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मस्तूरी सूरज कुमार क्षत्री, लदेर सेवा संस्था से उमेश कुमार, पूर्व संकुल शैक्षिक समन्वयक प्रमोद मिश्रा, ग्राम पंचायत कौवाताल सरपंच बसंत कुमार साहू, उपसरपंच भानु प्रताप पटेल, पंच एवं बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं, पालक व ग्रामवासी उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत में अतिथियों का बैच एवं बुके भेंट कर स्वागत संकुल शैक्षिक समन्वयक बालक सीपत श्रीकांत श्रीवास ने किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला कौवाताल रामकिशुन सूर्यवंशी ने दो दिवसीय खेल आयोजन का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बिलासपुर राजेश सूर्यवंशी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि, खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। यदि खिलाड़ी लगन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के साथ आगे बढ़ें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मस्तूरी सूरज कुमार क्षत्री ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि, यह खेल महोत्सव विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने वाला प्रेरणादायी आयोजन है, जो भविष्य के श्रेष्ठ नागरिक तैयार करता है। ग्राम पंचायत कौवाताल के सरपंच बसंत कुमार साहू ने भी अपने विचार रखे। पूरे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक सीपत को ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। खेल संचालन में उल्लेखनीय योगदान के लिए संकुल शैक्षिक समन्वयक श्रीकांत श्रीवास, विनोद गोयल एवं ज्ञानेश्वर सिंह कौशिक का अतिथियों ने सम्मानित किया।


अतिथि व बच्चों को सम्मानित करते हुए।

## छात्राओं को सिखाए जा रहे आत्मरक्षा के गुर

**कोरबा।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत राज्य शासन की रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण काय्रक्रम के अंतर्गत बीते एक वर्ष से स्कूल की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसके लिए विभाग के द्वारा प्रशिक्षकों की तैनाती भी की गई है जिन्हें मानदेय भी दिया जा रहा है। ग्रामीण अंचल के अधिकांश स्कूलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु किया गया है। जिले के मीडिल स्कूल से लेकर हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी की छात्राओं को रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कराटे का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों के द्वारा दिया जा रहा है। खेल पीरियड के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विभाग के द्वारा इसके लिए अल्प मानदेय में प्रशिक्षकों को रखा गया है। इसका उद्देश्य सरकार द्वारा लड़कियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। इसके तहत छात्राओं को कराटे, जूडो, मार्शल आर्ट का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि छात्राएं विपरीत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा कर सके।

## संगवारी महिला समिति ने 1492 विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर

**सीपत।** एनटीपीसी सीपत की संगवारी महिला समिति की ओर से अपने कल्याणकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत सीपत, जांजी, देवरी, कौड़िया, रांक, रलिया, गतौरा एवं कर्रा की विभिन्न 15 शासकीय प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत कक्षा 1 से 5 तक के कुल 1 हजार 492 विद्यार्थियों को स्वेटर का वितरण किया गया।

स्वेटर वितरण कार्यक्रम में शिखा मंडल अध्यक्षा संगवारी महिला समिति, सदस्या शर्मिष्ठा सिन्हा, डिमना सरकार सहित समिति की अन्य वरिष्ठ सदस्याएं उपस्थित रहीं। साथ ही संबंधित ग्रामों के जनपद सदस्य, सरपंच एवं उपसरपंच भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए शिखा मंडल ने विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने तथा अपने सर्वांगीण विकास की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया, और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि, संगवारी महिला समिति निरंतर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती आ रही है। इसी क्रम में शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए तथा विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण किया गया।


स्वेटर वितरित करते संगवारी महिला समिति की सदस्य।

## राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में कनक और वैष्णवी ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दिल्ली के ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित तीन दिवसीय डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल गेवरा की छात्राओं, कनक चतुर्वेदी और वैष्णवी कश्यप ने पदक जीतकर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता के 17 वर्ष आयु वर्ग के अंतर्गत 63 किलोग्राम वजन समूह में कनक चतुर्वेदी ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए तृतीय स्थान (कांस्य पदक) प्राप्त किया। इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर के विभिन्न डीएवी स्कूलों से लगभग 15 हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 14, 17 और 19 वर्ष के अलग-अलग आयु वर्गों में आयोजित इस स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद गेवरा की इन बेटियों ने सफलता के झंडे गाड़े।

## भक्त निषाद राज व बिलासा जयंती समारोह आयोजित

**दगोरी।** निषाद केवट समाज की ओर से भक्त महाराज गुहा निषाद राज एवं माता बिलासा देवी जयंती समारोह का आयोजन सामाजिक धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाज के जिलाध्यक्ष छन्नूराम निषाद ने कहा कि, रामचरित मानस से समाज में जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अन्य अतिथियों दगोरी सरपंच बेशाखू निषाद, रतनपुर सरपंच रामायण निषाद, कोटा हीरालाल निषाद, मंगला राज केजौराम निषाद, मोहरा गौरीशंकर निषाद, उपाध्यक्ष सुरेश निषाद, सखन, दुलरवा, लखन, राजकुमार, नारायण, रामकुमार, लक्ष्मण, रामचंद्र, हृदय, देवचरण, सोहन, मोहन, दुलसिंग व छेदीलाल निषाद का शाल, श्रीफल व पुष्पहार देकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात राम लक्ष्मण, माता सीता व भक्त राज गुहा निषाद की जीवंत झांकी शोभायात्रा निकाली गई।इसके बाद ग्राम की विधवा, बेसहारा, गरीब व वरिष्ठों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात भगवान बेमेतरा नवागांव की ममता मानस मंडली ने भक्तिमय प्रस्तुति देते हुए श्री रामचंद्र की कथा का रसपान कराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज व गांव के लोग मौजूद रहे।




### कार्या. प.ह.नं. 48 बहतराई रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर

**सूचना**

प्रति, 1. अनिल कुमार पि. कुलदीपनारायण 2. संतोष कुमार पि. दयाराम 3. डॉ. एस.के. महती 4. हेमलता देवांगन 5. रामेश्वरी राजपूत/ चुम्मन सिंह 6. प्रतिमा कश्यप/ यशवंत कश्यप 7. राजेश कुमार / आनंद राम साहू 8. विभावति सिंह / परमानंद 9. संजय जायसवाल 10. भुनेश्वर/ दुलारीराम 11. वालकर पुष्पा देवी 12. खेम कुमारी पटेल 13. उत्तरा चंद्रा/शिव चंद्रा 14. मंजू देवी/ घनश्याम दास 15. प्रेम प्यारी कश्यप

विषय : सीमांकन में उपस्थित रहने बाबत।

महोदय,

आवेदक वीरसेन सिंधु पि. स्व. चौधरी मित्रसेन सिंधु नि. दीपका कोरबा, जिला बिलासपुर स्थित (बहतराई) भूमि ख.नं. 661/1, 661/5, 661/6 रकबा 0.0030, 0.2220, 0.221 हे. की सीमांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जिसका सीमांकन 28.01.2026 को समय 12.00 बजे किया जाना है जिसमें आप सभी अपने राजस्व रिकार्ड के साथ मौके में उपस्थित होवे उपस्थित नहीं होने पर आपकी जिम्मेदारी होगी।

भारत सिंह राज
पटवारी
प.ह.नं. 48, तह. बिलासपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.))

**सूचना नोटिस**

प्रति,

नटवरलाल अग्रवाल पिता मोतीलाल अग्रवाल निवासीः सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6/2024-25 में पक्षकार अजीम उल्ला निवासी अंबिकापुर तहसील व जिला सरगुजा के द्वारा मौजा चिल्हाटी स्थित भूमि खसरा नंबर 224/23 रकबा 0.0993 हे. भूमि का पंजीकृत बैनामा के माध्यम से अनावेदक नटवर लाल अग्रवाल पिता मोतीलाल अग्रवाल से क्रय करने के कारण नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 28/01/2026 को नियत किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति नियत किया गया है।

अतः आप उक्त सुनवाई दिनांक 28/01/2026 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20/01/26 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार,
बिलासपुर (छ.ग.)

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर

-: सीमांकन सूचना/स्थल जाँच :-

प्रति, 1. दारा सिंह पिता तिरथ सिंह 2. अजय सिंह परिहार 3. प्रवीण सिंह परिहार 4. नवीन सिंह परिहार 5. राजेश यादव 6. प्रणय राय स्लोन हाईट्स 7. ए. बी .... एल.पी. गुप्ता 8. संजय दुबे

विषयः सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।

संदर्भ :- न्यायलय तहसीलदार / अति. तह. ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 07/1/2026

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.न.43 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न 62/2 रकबा 0.121 हे. एकड हेक्टेयर भूमि स्वामी दारा सिंह पिता/पति तिरथ सिंह निवासी के द्वारा सीमांकन स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन स्थल जाँच दिनांक 23/01/2024 को समय 11.00 से 5.00 बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें । अनुपस्थिति की दशा में आपति स्वीकार्य नहीं होगी।

अतः सुचना जाने।

टिप : विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक, सकरी

### न्यायालय तहसीलदार लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**//ईश्तहार//**

राजस्व प्रकरण क्र. अ-74/25-26
ग्राम-झझपुरीकला, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आदित्य दास वैष्णव पिता नंदकिशोर दास वैष्णव, निवासी ग्राम झझपुरीकला तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा साहूकारी नवीन लायसेंस बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई दावा अथवा आपत्ति पेश करना हो तो वे दिनांक 02/02/2026 तक अपना दावा अथवा आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 19/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार लोरमी
जिला मुंगेली (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**// सूचना पत्र //**

रा.प्र.क्र. 13अ-19(3)/2025-26
ग्राम-अमेरी, घुरू तहसील - सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर भू-आबंटन शाखा बिलासपुर (छ.ग.) मूलतः पत्र क्रमांक 555/2025-26/16 जावक दिनांक 25.11.2025 के द्वारा आवेदक परियोजना प्रबंधक (तृतीय लिंग) सम्मान संकल्प समिति तैय्यब मस्जिद के सामने, भारतीय नगर बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अमेरी, पहनं. 43, खसरा नंबर 49 एवं ग्राम घुरू पहनं. 61 खसरा नंबर 69/1 में संस्था द्वारा PLHIV अनाथ बच्चों के सुविधा युक्त आश्रम के लिए निर्माण भूमि की मांग की गई है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में अनावेदक ई.टी.एस. पिल्ले पिता स्व. ई.व्ही तम्पी निवासी सरकंडा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. अपना दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 28.01.2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। सुनवाई दिनांक के उपरांत कोई दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.01.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार सकरी

### IN THE SUPREME COURT OF INDIA CIVIL APPELLATE JURISDICTION

**SPECIAL LEAVE PETITION (CIVIL) NO(S) 28779-28780 OF 2019**

**WITH PRAYER FOR INTERIM RELIEF**

CHANDRIKABAI ...Petitioner(s)

VERSUS

LEGAL REPRESENTATIVES OF JODHAN RAO ...Respondent(s)

To

1. SMT LATA BHOSLRE
D/O LATE NANDRAO BHOSLE
R/O MELAFARA, RAMAYAN CHOWK
CHANTIDIH BILASPUR TAHSIL
DISTRICT-BILASPUR, CHHATTISGARH

PID: 317312/2025 FOR R-3.3 IN SLP(C) NO.28779-28780/2019 (SEC IV-C)

2. SMT NANDAN BHOSLRE
W/O PRAKASH BHOSLRE
R/O MELAFARA, RAMAYAN CHOWK
CHANTIDIH BILASPUR TAHSIL DISTRICT-BILASPUR, CHHATTISGARH

PID: 317313/2025 FOR R-3.4 IN SLP(C) NO.28779-28780/2019 (SEC IV-C)

WHEREAS the Petition for Special Leave to Appeal with prayer for interim relief along with application for CONDONATION OF DELAY IN FILING, EXEMPTION FROM FILING C/C OF THE IMPUGNED JUDGMENT, EXEMPTION FROM FILING O.T., APPLICATION FOR SUBSTITUTION, CONDONATION OF DELAY IN FILING SUBSTITUTION APPLN., EXEMPTION FROM FILING DEATH CERTIFICATE CERTIFIED COPY OF DEATH CERTIFICATE, ADDITION / DELETION/MODIFICATION PARTIES, EXEMPTION FROM FILING DEATH CERTIFICATE CERTIFIED COPY OF DEATH CERTIFICATE, SETTING ASIDE AN ABATEMENT, APPLICATION FOR SUBSTITUTION, APPLICATION FOR CONDONATION OF DELAY IN FILING THE APPLICATION FOR SETTING ASIDE THE ABATEMENT, SETTING ASIDE AN ABATEMENT, EXEMPTION FROM FILING DEATH CERTIFICATE / CERTIFIED COPY OF DEATH CERTIFICATE, SUBSTITUTED SERVICE above mentioned (copy enclosed) filed in the Registry by Mr. ASHUTOSH GHADE, Advocate on behalf of the Petitioner(s) above named was listed for hearing before this Court on 02nd December, 2019, when the Court was pleased to pass the following order:-

**"Delay condoned.**

**Issue notice.**

**Status quo, as of today, shall be maintained in the meantime."**

AND WHEREAS, the application in the matter above-mentioned was listed before Hon'ble Court (In Chambers) on 11th December, 2025. When the following order was passed:-

**"IA No. 273316/2025**

**Application for substituted service in respect of unserved proposed LR Nos.3.3 & 3.4 is allowed.'**

NOW, THEREFORE, TAKE NOTICE that the above petition with prayer for interim relief along with application will be posted for hearing before this Court in due course and you may enter appearance before this Court either in person or through an advocate on record of this Court duly appointed by you in that behalf within 30 days from the publication of notice. You may thereafter show cause to the Court on the day that may subsequently be specified as to why delay in filing SLP delay in fling SLP be not condoned and Special Leave Petition and interim relief as prayed be not granted and the resultant appeal be not allowed.

Take Further Notice that the prayer for interim relief after notice will also be listed before the Court in due course.

You may file your affidavit in opposition to the petition as provided under Rule 14(1) of Order XXI, S.C.R.2013 within 30 days from the publication of notice or not later than 2 weeks before the date appointed for hearing, whichever be earlier, but shall do so only by setting out the grounds in opposition to the questions of law or grounds set out in the SLPs and may produce such pleadings and documents filed before the Court/Tribunal against whose order the SLP is filed and shall also set out the grounds for not granting interim order or for vacating interim order if already granted.

**TAKE FURTHER NOTICE** that if you fai to enter appearance as aforesaid, no further notice shall be given to you even after the grant of special leave for hearing of the resultant appeal and the matter above mentioned shall be disposed of in your absence.

**Dated: 24th December, 2025**

**ASSISTANT REGISTRAR**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### 40 करोड़ में शहर में बनेंगी नाली और सड़क



**बिलासपुर।** नगर निगम की मेयर इन कौंसिल की बैठक काफी समय बाद शांत रही और 20 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें 40 करोड़ रुपए में शहर में सड़क, नाली निर्माण होगा तो पेंशन और दूसरे मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही तय किया गया कि सिरगिट्टी में 7 करोड़ रुपए में एकीकृत विकास निर्माण के काम किए जाएंगे। खास बात रही कि इस बैठक में एक बार फिर सभापति विनोद सोनी उपस्थित थे जबकि पिछली बैठक में इसी बात एमआईसी मेंबर विजय ताम्रकार ने आपत्ति की थी और जमकर विवाद हुआ था। बुधवार को हुई एमआईसी में इस बार कुल 20 प्रस्ताव रखे गए थे। इसमें सबसे पहले कुल करीब 6 करोड़ रुपए में एकीकृत विकास निर्माण कार्य कराए जाने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। पूरा काम मेसर्स अविनाश बिल्डकॉन प्रा.लि. बिलासपुर द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही तय किया गया कि उसलापुर के पास हाफा मोड तिराहा के पास भगवान बिरसामुंडा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए 50 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही नगर पालिक निगम बिलासपुर क्षेत्रांतर्गत नगरोत्थान योजना वर्ष 2025-26 के तहत जोन क्रमांक - 02 सिरगिट्टी क्षेत्रांतर्गत राशि 681.59 लाख में काम होंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि चांटीडीह में जो जमीन निगम ने खाली कराई है उस पर कर्मिशियल काम्प्लेक्स बनाया जाएगा। साथ ही बड़ा गार्डन और आवासीय मकान भी बनेंगे।

### टीबी मरीजों को पोषण आहार का वितरण



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को लाइफ केयर हॉस्पिटल में संचालित डॉट्स सेंटर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एसईसीएल के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी मद से प्राप्त पोषण आहार का टीबी मरीजों को वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी रोगियों को उपचार के दौरान आवश्यक पोषण उपलब्ध कराकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता करना है। मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी से मुक्ति के लिए दवा के साथ-साथ पोषण अत्यंत आवश्यक है। समाज, शासन एवं औद्योगिक संस्थानों के सामूहिक प्रयास से ही टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि जिला क्षय अधिकारी डॉ.गायत्री बांधी ने बताया कि नियमित उपचार, समय पर जांच तथा संतुलित पोषण से टीबी को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। जिला कार्यक्रम समन्वयक ए सरिता ने कार्यक्रम की प्रगति एवं पोषण सहायता योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अस्पताल संचालक डॉ. रामकृष्ण कश्यप ने लाइफ केयर हॉस्पिटल में टीबी मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में टीबी कार्यक्रम से जुड़े समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में टीबी मरीजों को पोषण आहार सामग्री वितरित की गई एवं उन्हें नियमित दवा सेवन, पौष्टिक आहार एवं स्वच्छ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### 11 सजग प्रहरियों को डीआरएम ने किया संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ड्यूटी के दौरान सजगता एवं सतर्कता के साथ उत्कृष्ट संरक्षित कार्य का निर्वहन करने वाले संरक्षा प्रहरियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। इसमें विगत दिनों लोको पायलट शहडोल नवल किशोर सिंह तथा सहायक लोको पायलट रजनीश कुमार ने मालगाड़ी में कार्य के दौरान लाइन में झटका महसूस किया, उन्होंने इसकी सूचना सर्वसंबन्धितों को दी। लोको पायलट बिजुरी प्रवीण कुमार टांडिया तथा सहायक लोको पायलट आकाश पाठक द्वारा मालगाड़ी के निरीक्षण में प्राइमरी हेलिकाल स्प्रिंग टूटी पाई तथा सतर्कता दिखाते हुए सूचना स्टेशन मास्टर को देकर इंजन को टीआर कर गाड़ी की संरक्षा दी। लोको पायलट ब्रजराजनगर शिवाशीष कर्माकर एवं सहायक लोको पायलट अरविंद कुमार ने लजकुरा स्टेशन में दूसरी लाइन में जा रही मालगाड़ी के वेगन में ब्रेक बाइंडिंग की पहचान कर सूचना उस गाड़ी के चालक दल एवं स्टेशन मास्टर को दी, यातायात सहायक सारागांव योगेश कुमार द्वारा सारागांव स्टेशन से गुजर रही मालगाड़ी के वेगन में हॉट एक्सल की पहचान, ट्रेन मैनेजर ब्रजराजनगर सुनिया बांकीरा ने कार्य के दौरान कोतरलिया स्टेशन में हॉट एक्सल की पहचान, स्टेशन मास्टर उमरिया शीतल प्रसाद मीना ने स्टेशन से गुजर रही मालगाड़ी में हॉट एक्सल की पहचान, स्टेशन मास्टर खोड़री मनोज कुमार ने स्टेशन से गुजर रही मालगाड़ी में हॉट एक्सल की पहचान कर गाड़ी की संरक्षा सुनिश्चित की। इन सभी संरक्षा के प्रहरियों को डीआरएम राकेश रंजन ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

VACANCY
Bajaj Chetak Requires for the following post:-
Spare Parts Manager
Show Room Manager
Mechanic
Service Advisor
Experience candidate will be preferred.
Date of Interview
24th January 2026 (Saturday)
Timing - 11.30 AM to 3 PM
TRIPUR BAJAJ
Near Tifra Overbridge, Raipur Road, Bilaspur (C.G.)
M.: 9752133444
M.- 9754033444
tripurauto@rediffmail.com

# बसंत विहार चौक में बनेगा बड़ा गार्डन और वेंडिंग जोन सभी सड़कें होंगी 80 फीट की, 10 करोड़ से होगा पूरा काम

## चौक से दांई और बांई ओर 60 60 फीट चौड़ी सड़क बन रही, 20-20 फीट की नाली और फुटपाथ भी बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बसंत विहार चौक से अपोलो चौक और यहां से हॉस्पिटल होते हुए मानसी लॉज तक का कब्जा हटाते हुए निगम ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा बसंत विहार चौक से दयालबंद तक की सड़क भी 80 फिट की बनेगी।

■ चौक से दयालबंद पुल सड़क होगी चौड़ी, अपोलो से अमरैया चौक, चांटीडीह सब्जी मंडी होते हुए रपटा में जुड़ेगी

इसका भूमिपूजन बेलतरा विधायर सुशांत शुक्ला और महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने किया।यहां 10 करोड़ में विभिन्न योजनाओं को लांच किया गया है। इनका टेंडर जारी करते हुए वर्क आर्डर भी दे दिया गया है। इसमें वसंत विहार से अपोलो चौक तक 80 फीट सड़क बनेगी। इसके साथ ही 20 फीट में नाली व फुटपाथ भी बनाया जाएगा। साथ ही अपोलो अस्पताल से रपटा तक की तीन किमी की सड़क 70 फिट की होगी और दोनों तरफ नाली बनेगी। बसंत विहार चौक में बड़ा गार्डन बनेगा तो इसके बगल से ही वेंडिग जोन बनाया जाएगा। इसके लिए अलग से 5 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। ध्यान रहे कि मास्टर प्लान में वसंत विहार तिराहे से दयालबंद पुल तक सड़क 120 फीट और अपोलो हॉस्पिटल के सामने की सड़क 80 फीट चौड़ी है। अतिक्रमण करते हुए दुकानें और मकान बना लिए गए थे। इस कारण आसपास की सभी सड़कें बेहद संकरी हो गई हैं। इस वजह से सालों से इस सड़क पर ट्रैफिक जाम की समस्या हो रही थी। खासकर अपोलो हॉस्पिटल जाने मरीजों को बाने परेशानी उठानी पड़ती थी। बेजा कब्जा करने वालों को कई बार नोटिस जारी हो चुका था, लेकिन राजनैतिक संरक्षण में कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। हाईकोर्ट ने जब संज्ञान लिया तो निगम और प्रशासन हरकत में आया। यहां के अधिकांश कब्जे और अतिक्रमण हटा लिए गए हैं।



### सालों से 40 फिट तक सड़क पर अवैध कब्जा

जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा के मुताबिक मौके पर किसी ने 80 फीट चौड़ी सड़क में किसी ने 30 तो किसी ने 40 फीट तक कब्जा किया हुआ था। कई लोगों ने 10 से 15 दुकानें भी बना ली थी और किराए पर दे दिया था। इन सभी कब्जों को तोड़ दिया गया है। जोन कमिश्नर ने बताया कि अपोलो चौक से मानसी लॉज तक सड़क चौड़ीकरण के लिए साल भर पहले ही टेंडर हो चुका है। ठेकेदार को 80 लाख रुपए का वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है।

### बनेगी सड़क

इसमें वसंत विहार से अपोलो चौक तक 80 फीट सड़क बनेगी। इसके साथ ही 20 फीट में नाली व फुटपाथ भी बनाया जाएगा। साथ ही अपोलो अस्पताल से रपटा तक की तीन किमी की सड़क 70 फिट की होगी और दोनों तरफ नाली बनेगी। बसंत विहार चौक में बड़ा गार्डन बनेगा तो इसके बगल से ही वेंडिग जोन बनाया जाएगा।

- प्रकाश कुमार सर्वे
निगम आयुक्त

### मास्टर प्लान के हिसाब से बनेगी सड़क


अब नगर निगम अपोलो के सामने की सड़क पर बेहतर ट्रैफिक के लिए डिवाइडर बनाकर दोनों और 40-40 फीट की सड़क बना रहा है। निगम का कहना है कि मास्टर प्लान के हिसाब से यहां सड़क बन रही हैं। वसंत विहार चौक से अपोलो चौक तक 120 फीट चौड़ी सड़क बनेगी। चौक से दाई और बाई ओर 60-60 फीट चौड़ी सड़क होगी, 20-20 नाली और फुटपाथ समेत यह 80-80 फीट चौड़ी होगी। इसके साथ ही अपोलो चौक से दयालबंद पुल और अपोलो हॉस्पिटल-मानसी लॉज से आगे चिंगराजपारा होते हुए रपटा तक कब्जे हटाए जा रहे हैं। मास्टर प्लान के अनुसार यहां भी 80 फीट चौड़ी सड़क बनाई जाएंगी। इससे वसंत विहार चौक से दयालबंद पुल तक शहरवासियों को चौड़ी सड़क मिलेगी। इधर मानसी लॉज के आगे सड़क अमरैया चौक, चांटीडीह सब्जी मंडी होते हुए रपटा में जाकर जुड़ेगी।

### चौक होगा बड़ा क्योंकि 6 सड़कें मिलती हैं

निगम के मुताबिक सबसे पहली प्राथमिकता चौड़ी सड़क की है। बसंत विहार चौक को बड़ा भी किया जाएगा क्योंकि यहां 6 सड़कें मिलती हैं। सभी सड़कें भविष्य के लिए और महत्वपूर्ण है। इसके अलावा वेंडिग जोन और गार्डन का भी प्लान है। निगम के मुताबिक बसंत विहार चौक में दयालबंद, मोपका, सरकंडा, बहतराई के साथ ही दूसरी सड़कें भी मिलती हैं इसलिए इसे चौड़ा करना आवश्यक है। यहां अक्सर जाम की शिकायत रहती है। निगम के मुताबिक रपटा से वसंत विहार चौक तक कुल 2.25 किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी। यह सड़क बनने से करीब दो लाख आबादी को फायदा होगा। खासकर अपोलो हॉस्पिटल आने-जाने वालों को बड़ी राहत मिलेगी।

## नई ऊर्जा के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने पर जोर

# पीसीसी अध्यक्ष ने दी नसीहत, पार्टी लाइन से बाहर जाकर काम न करें




कांग्रेस भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित नेता।

### कांग्रेस नवनियुक्त अध्यक्षों के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए महंत, बैज व टीएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कांग्रेस के नवनियुक्त शहर अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा एवं जिलाध्यक्ष ग्रामीण महेन्द्र गंगोत्री को कांग्रेस भवन में बुधवार को आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में पूर्व अध्यक्ष द्वय विजय केशरवानी व विजय पांडेय द्वारा पदभार सौंपा गया। इस पदभार समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष टीएस सिंहदेव भी शामिल हुए। समारोह में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेसजनों को नसीहत देते हुए कहा कि कोई भी सार्वजनिक मंच या कहीं भी अनुशासन एवं पार्टी लाइन से बाहर जाकर काम न करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 41 नए अध्यक्षों में कौन सबसे बेहतर काम करेगा इस पर ध्यान दिया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से छत्तीसगढ़ में पहली बार कार्यकर्ताओं से चर्चा के बाद युवा नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्षों को कहा कि पार्टी ने नई जिम्मेदारी दी है और नई जिम्मेदारी के साथ काम बढ़ गया है। अब नए जिलाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष बनने के बाद संगठन को नई ताकत मिली है, जिससे 24 घंटे पार्टी के लिए काम करना है। उन्होंने नई ऊर्जा के साथ भाजपा सरकार खिलाफ सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने की बात कही। उनका कहना है कि बिलासपुर में शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्र है इसलिए यहां नए अध्यक्षों के सामने बड़ी चुनौती है कि वे सभी कार्यकताओं, सीनियर-जूनियर को साथ लेकर कंधा से कंधा मिलाकर चलें।

उन्होंने कहा कि कोई भी पार्टी लाइन या अनुशासन से बाहर जाकर काम न करें। कोई नाराजगी शिकवा, शिकायत हो तो बंद कमरे में सुलझा लें, सार्वजनिक मंच या माईक पकड़कर कुछ भी बोलना जरूरी नहीं है। श्री बैज ने कहा कि अब एक ही मकसद है कि 2028 में छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाना है। इसके लिए संगठन को मजबूत बनाना है। आज कोई भी वर्ग खुश नहीं है इसलिए मनरेगा बचाने से लेकर किसानों, एसआईआर, बिजली बिल, जमीन गाइड लाइन सहित राष्ट्रीय मुद्दों पर भी लड़ाई लड़ना है।

#### महंत ने गुटबाजी से बचने कहा

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने पार्टी में गुटबाजी की ओर ईशारा करते हुए कहा कि गुटबाजी से संगठन कमजोर होता है। उन्होंने नए अध्यक्षों को सीख देते हुए कहा कि सबको परिवार की तरह साथ लेकर काम करना चाहिए। धान खरीदी, किसानों के मुद्दों समेत कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी की बात को लेकर आगे संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य रहा कि मैं बिलासपुर में पढ़ा और नौकरी किया और यहां के लोगों से परिवार की तरह संबंध रहा है।

#### टीएस ने कहा बूथों की लें जवाबदारी

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने अध्यक्ष द्वय को बधाई देते हुए कहा कि उनके सामने बड़ी चुनौती है। आज देश की परिस्थिति क्या है जो देश की व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। चुनाव जीतना उद्देश्य तो है साथ ही भाजपा और उस विचारधारा को हराना जो देश के सामने है। उन्होंने सभी को अपने-अपने पोलिंग बूथ की जवाबदारी लेने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि बिलासपुर में कांग्रेस भवन के मरम्मत के बाद अंबिकापुर में काम चालू कर दिया गया है।

### अटल ने कहा कांग्रेस भवन साफ सुथरा हुआ

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने नए अध्यक्षों के बनने के बाद कांग्रेस भवन के नए स्वरूप रंगरोगन की तारीफ करते हुए कहा कि सभी से स्वेच्छा अनुसार सहयोग लेकर यह बहुत अच्छा काम नए अध्यक्षों ने किया है। हमें अब नए कांग्रेस भवन की आवश्यकता नहीं है। शहर अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने पार्टी के निर्देशों का पालन करने तथा अनुशासन के खिलाफ काम करने वालों पर अनुशासन को डंडा चलाने की बात कही। जिलाध्यक्ष ग्रामीण महेन्द्र गंगोत्री ने भी बिना भेदभाव के सभी के सहयोग से काम करने और जो जिम्मेदारी मिली है उसका निर्वहन करने की बात कही। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, एआईसीसी सचिव भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी और पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने भी समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष संतोष गर्ग,पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, सियाराम कौशिक, इंग्रिड मैक्लाउड, ऋषि पांडेय आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### नया भवन बनाएं या कायाकल्प करें: विजय

पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि हमेशा से ही इस बात को मानते आ रहा हूं कि सबसे बड़ी पार्टी और पार्टी के भीतर कार्यकर्ता ही भाग्य विधाता हैं। पार्टी के प्रति निष्ठा और ईमानदारी सबसे प्रमुख है। विजय ने जिला कांग्रेस कमेटी के नए भवन की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष मोहन मरकाम को 50 लाख रुपये बिलासपुर जिला कांग्रेस कमेटी ने दिया था। उस राशि से जिला कांग्रेस कमेटी का नया भवन बनाया जाए या फिर मौजूदा कांग्रेस भवन का ही नए सिरे से कायाकल्प किया जाए। उन्होंने बताया कि कांग्रेस भवन के लिए उन्होंने 10 लाख रुपये टीएस सिंहदेव, 10 लाख रुपये पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, 10 लाख रुपये पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, 10 लाख रुपये अरुण सिंघानिया व 10 लाख रुपये विजय केशरवानी व विजय पांडेय ने मिलकर जमा किया था।

### किसानों को सरकार ने चोर बना दिया- टीएस

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने धान खरीदी मुद्दे को लेकर प्रदेश भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पिछले दो साल से धान खरीदी की व्यवस्था सरकार बना नहीं पाई है और इतना परेशान होते हुए किसानों को मैंने पहले कभी नहीं देखा। श्री सिंहदेव का कहना है कि इस प्रदेश सरकार ने किसानों को चोर बना दिया है और कोई भी अधिकारी कभी भी किसानों के घर घुसकर यह जांच कर रहा है कि जितना टोकन कटा है उतना धान उनके पास है कि नहीं। धान लगे खेतों को गिरदावरी के बाद भी पंजीयन नहीं होना, टोकना की समस्या से लेकर कोटा सीमित करना आदि से स्पष्ट है कि प्रदेश सरकार कोटा का पूरा धान खरीदना नहीं चाहती है। इसी तरह राइस मिलों की भी व्यवस्था पिछले साल भी नहीं कर पाई थी, जिसके कारण ट्रांसपोर्टिंग खर्च से लेकर धान खराब भी हुआ था। इस बार फिर वहीं व्यवस्था बनी हुई है। श्री सिंहदेव ने शंकराचार्य एवं उनके सहयोगियों के साथ उत्तर प्रदेश में जो व्यवहार हुआ उसको निदंनीय बताते हुए कहा कि धर्म व्यवस्था प्रमुखतम ध्वज ऊंचा रखने वाले गद्दी पर विराजमान संत के साथ इस तरह की निंदनीय व्यवहार वह भी सनातन की बात करने वाली सरकार में किया गया है।

### प्रदेश अध्यक्ष बैज ने ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति में लेनदेन को नकारा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से बिलासपुर प्रवास के दौरान जब छत्तीसगढ़ भवन में पत्रकारों द्वारा यह सवाल किया गया है कि प्रदेश में नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर असंतोष है और नियुक्ति में लेनदेन की बात भी आ रही है। इस पर उन्होंने लेनदेन की बात से नकराते हुए कहा कि बेहतर तरीके से ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बुधवार को कांग्रेस के नए शहर अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने बिलासपुर पहुंचे थे। इस दौरान उनसे संगठन सृजन अभियान तहत नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति में लेनदेन का मामला उठाया गया तो उन्होंने इससे नकारते हुए कहा कि प्रदेश में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति बेहतर तरीके से हुई है और नए योग्य ब्लॉक अध्यक्ष बने हैं। इन नए ब्लॉक अध्यक्षों के नियुक्ति से प्रदेश संगठन में नई ऊर्जा और जान आई है। कमीशनखोरी के मामले में एक एडीशनल एसपी को निलंबित किए जाने के मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि पूरी प्रदेश सरकार कमीशनखोरी में व्यस्त है। प्रदेश में यही हालात है बल्कि उस एडीशनल एसपी से पूछना चाहिए कि वह कमीशनखोरी किसके लिए कर रहा था इसकी जांच होनी चाहिए। कमीशनखोरी से प्रदेश की जनता त्रस्त है। श्री बैज ने शंकराचार्य से उत्तर प्रदेश में दुर्व्यवहार मामले को लेकर कहा कि भाजपा नेताओं को इसका जवाब देना चाहिए कि हिन्दू धर्म गुरू अत्याचार, प्रताड़ना सही या गलत है। उन्होंने बताया कि धर्म गुरू को प्रताड़ित किए जाने को लेकर कांग्रेस कमेटी विरोध करेगी।

## सीवी रमन विवि और सिम्स के बीच शैक्षणिक एवं शोध सहयोग का एमओयू

**बिलासपुर।** उच्च शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में अकादमिक सहयोग को नई दिशा देने के उद्देश्य से डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय और छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस सिम्स के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

इस एमओयू के अंतर्गत संयुक्त शोध परियोजनाएं, नॉलेज एक्सचेंज प्रोग्राम, रिसोर्स पर्सन एक्सचेंज, फैकल्टी एक्सचेंज, सेमिनार, कार्यशालाएं और अकादमिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही चिकित्सा शिक्षा और सामान्य उच्च शिक्षा के बीच समन्वय स्थापित कर समाजोपयोगी अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। दोनों संस्थान मिलकर स्वास्थ्य, विज्ञान, सामाजिक सरोकारों और संस्कृति से जुड़े विषयों पर शोध को प्रोत्साहित करेंगे। एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा




कि यह समझौता केवल दो संस्थानों के बीच सहयोग नहीं बल्कि ज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में साझा दृष्टिकोण का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य है कि शिक्षा और चिकित्सा मिलकर समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान में योगदान दें। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि एमओयू के माध्यम से फैकल्टी और रिसोर्स पर्सन का आदान-प्रदान छात्रों के लिए बहुआयामी सीख के अवसर पैदा करेगा। छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के अधिष्ठाता डॉ. रामणेश मूर्ति ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में शोध और नवाचार अत्यंत आवश्यक है और यह एमओयू हमें बहुविषयक अनुसंधान का अवसर देगा। डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय के साथ सहयोग से चिकित्सा विज्ञान को नई दृष्टि और दिशा मिलेगी। सिम्स के विशेष कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी डॉ. भूपेंद्र कश्यप ने कहा कि यह समझौता स्वास्थ्य और शिक्षा के बीच सेतु का कार्य करेगा। संयुक्त प्रयासों से समाज के लिए उपयोगी शोध और स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता सुधार संभव होगा।

दोनों संस्थानों ने भविष्य में इस सहयोग को और व्यापक बनाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। कार्यक्रम में डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष, कुलसचिव डॉ.अरविंद कुमार तिवारी, छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के अधिष्ठाता डॉ. रामणेश मूर्ति एवं विशेष कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी डॉ.भूपेंद्र कश्यप, डिप्टी रजिस्टार नीरज कश्यप, डॉ.आशीष पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### तीन हिस्ट्रीशीटर से लाखों का मोबाइल जब्त

**बिलासपुर।** एसईसीआर की आरपीएफ टीम ने तीन हिस्ट्रीशीटर आरोपियों को पकड़कर लाखों मोबाइल जब्त किया है। मंडल स्तर पर गठित विशेष टास्क टीम द्वारा लगातार निगरानी, गश्त तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। दादर से गोंदिया तक सफर कर रहे एक यात्री का आईफोन चोरी हो गया, जिसकी सूचना पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम किया गया था। इसकी जानकारी मिलते ही स्टेशन पर लगे सीसी टीवी कैमरे के फुटेज भी चेक किए गए। इसमें तीन संदिग्ध मनीष कुमार 22 वर्ष, अरियन नोनिया 19 वर्ष एवं देवराज चौधरी 18 वर्ष के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी देवराज चौधरी के पास से तीन चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने यात्रा के दौरान स्टेशन प्लेटफॉर्म पर भीड़ का फायदा उठाकर आईफोन की चोरी की थी। बरामद मोबाइल फोन की कुल कीमत लगभग 1,10,000 रुपये है। पकड़े गए तीनों आरोपी आदतन चोर हिस्ट्रीशीटर हैं तथा इनके विरुद्ध पूर्व में स्थानीय पुलिस, शासकीय रेल पुलिस गोंदिया एवं जीआरपी नागपुर में मोबाइल चोरी से संबंधित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों को बरामद चोरी की संपत्ति सहित आगे की वैधानिक कार्रवाई हेतु शासकीय रेल पुलिस के सुपुर्द किया गया।

### होटल की आड़ में गांजा बेचने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** होटल की आड़ में गांजा बेचने वाले युवक को पकड़कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे को सूचना मिली पौंसरा बाजारपारा निवासी रोशन उर्फ छोटू तिवारी पिता स्व. राजकुमार तिवारी 38 साल होटल की आड़ में पुड़िया बनाकर गांजा बेच रहा है। उन्होंने होटल में दबिश देकर उसे पकड़कर 2 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### जुआ खेलते पकड़े गए 3 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस ने जुआ खेलते तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली मोपका कुटीपारा में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी करते हुए जुआ खेलते आयुष घोरे पिता रामसनेही टिकरापारा मन्नू चौक, शुभम गोदरे पिता रामप्रसाद देवरीखुर्द गदा चौक, मोहम्मद अकील पिता मोहम्मद रफीक देवरीखुर्द बुटापारा को पकड़ लिया। वहीं अन्य जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। जुआरियों के पास से 5 हजार 600 रुपए जब्त किया गया है।

### झपट्टा मारकर ग्रामीण से मोबाइल की लूट

**बिलासपुर।** झपट्टा ग्रामीण से मोबाइल लूटकर मारपीट करने वालों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, ग्राम करमा निवासी लोकेश कश्यप 19 जनवरी को लोरमी से दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से लौट रहे थे। रात 9 बजे पांडेयपुर भिल्मी के बीच साला का फोन आने पर बात कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चार लोग पैदल आए और झपट्टा मारकर उनसे मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर उनके साथ जमकर मारपीट किया गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## हितग्राहियों को राहत

### अब 31 मार्च से पहले चुकाने पर 50 प्रतिशत तक की मिलेगी छूट

# हाउसिंग बोर्ड की कालोनियां में मेंटेनेंस, पानी शुल्क और ब्याज का 52 करोड़ रुपए बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड को प्रदेशभर में स्थिति अपनी कॉलोनी, फ्लैट से 52 करोड़ रुपए की वसूली करनी है। यह राशि पानी, मेंटेनेंस और किश्त नहीं चुकाने वालों की ब्याज की राशि है। इसी रकम की वसूली के लिए हाउसिंग बोर्ड नई स्कीम ला रहा है।

ऐसे लोग 31 मार्च 2026 तक बकाया राशि भुगतान कर सीधे 50 फीसदी तक छूट पा सकते हैं। हालांकि 31 मार्च के बाद यह छूट खत्म हो जाएगी और ऐसे लोगों से अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। दरअसल, हाउसिंग बोर्ड के अफसरों के अनुसार, कई हितग्राही मकान खरीदी के बाद आर्थिक या व्यक्तिगत कारणों से समय पर किश्त की राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। इसके चलते उनके भवनों पर विलंबित अवधि के ब्याज की राशि अधिक हो गई। हितग्राहियों की समस्या को देखते हुए यदि वह अपनी संपूर्ण बकाया राशि एकमुश्त जमा करते हैं तो उन्हें ब्याज की राशि में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इससे हितग्राहियों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा।



#### हाउसिंग बोर्ड के 51 हजार हितग्राही

प्रदेशभर में हाउसिंग बोर्ड के 51 हजार हितग्राही हैं, जो पिछले कई सालों से किश्त, लैंड मरम्मत, मल्टी स्टोरी मरम्मत और वाटर चार्ज जमा नहीं कर रहे हैं। समय पर चार्ज जमा नहीं करने वाले हितग्राहियों पर सरचार्ज भी लगाया जाता है। बोर्ड ने सरचार्ज में भी 50 प्रतिशत की छूट देने का फैसला लिया है। लेकिन बोर्ड ने सख्ती का संकेत भी दिया है। इसके लिए अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि जिन हितग्राहियों द्वारा बकाया जलकर एवं रखरखाव शुल्क का भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनके भवनों में रखरखाव की सेवाएं समाप्त की जाएगी।

#### बड़े बकाएदारों का नाम होंगे सार्वजनिक

इसके साथ ही छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने बकाया राशि वसूलने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। हाउसिंग बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि जिन हितग्राहियों पर लंबे समय से भारी बकाया है, उनका नाम सार्वजनिक किया जाएगा। छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त अवनीश शरण ने कहा है कि मंडल ने विलंबित अवधि के ब्याज और वॉटर चार्जेस पर लगाए गए सरचार्ज में 50 प्रतिशत की छूट देने का भी निर्णय लिया है, जिससे हितग्राही एकमुश्त भुगतान कर बकाया से मुक्त हो सकेंगे।

## चौक के चारों ओर अयवस्था का आलम, फुटकर व्यापारियों का कब्जा

# एक साल से गुरूनानक चौक का ट्रैफिक सिग्नल रहता है बंद, रोज लग रहा जाम



गुरुनानक चौक पर ट्रैफिक जाम का नजारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले एक साल से व्यस्त गुरूनानक चौक पर लगी ट्रैफिक सिग्नल लाइट बंद है। वहीं चौक के आसपास सड़क में गाड़ियों व ठेला गुमटी लगने से आए दिन लोगों को जाम में फंसकर हलाकान होना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी ट्रैफिक सिग्नल लाइट शुरू नहीं किया जा रहा है। एक साल पहले शहर के व्यस्त चौक गुरूनानक चौक पर ट्रैफिक का दबाव अधिक होने से सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए चौक में ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाई गई थी।

आसपास के लोगों का कहना है महज 10 दिन के बाद ट्रैफिक सिग्नल लाइट खराब होकर बंद हो गई। उसके बाद सिग्नल में कोई सुधार नहीं किया गया है। सिग्नल बंद होने से चौक की ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल हो गई है। ज्ञात हो कि सुबह से देर रात तक चौक में ट्रैफिक का दबाव अधिक होता है। चारों ओर से बेलगाम तरीके वाहनों के प्रवेश करने से पल पल में ट्रैफिक जाम हो जाता है और चारों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।

#### सड़क पर वाहनों की कतार

चौक पर कतार से होटल, डेलीनीड्स सहित अन्य दुकानें संचालित हो रही हैं। दुकानों के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने पर दुकान से लेकर सड़क तक कतार से चार पहिया व बाइक खड़े रहते हैं।

#### ठेला, आटो वालों का कब्जा

चौक के तोरवा पुल की ओर जाने वाले मार्ग में ठेला गुमटी वाले व आटो वालों का कब्जा है। सड़क पर लोग अपनी वाहन खड़ी कर खरीददारी करते रहते है जिससे चार पहिया वाहनों के निकलने की भी जगह नहीं रहती है। जिसके चलते आए दिन लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### सर्वाधिक समस्या छुट्टी होने से

चौक के करीब रेलवे स्कूल है। दोपहर में स्कूल की छुट्टी होने पर चौक में ट्रैफिक का दबाव बढने से चौक में जाम लग जाता है। जाम में छात्र छात्राएं परिजन व आम नागरिक जाम में फंस जाते हैं।

#### बीच चौक पर ट्रांसफर

चौक के बीच में बिजली विभाग का ट्रांसफर लगा हुआ है। ट्रांसफर के चलते सड़क बाधित हो गया है। दयालबंद से जाने वाले वाहन सवारों को तोरवा पुल जाने के लिए गाड़ी मोड़ने में परेशानी होती है।

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरी की वारदात




सीसीटीवी मे कैद चोरों की तस्वीर।

# गश्त पाइंट महाराणा प्रताप चौक अग्रसेन चौक की दो दुकानों में शटर उठाकर चोरी, गश्त की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- एक घण्टे के अंदर हुई दोनों चोरी की वारदात

बीती रात एक घण्टे के अंतराल में पुलिस गश्त पाइंट महाराणाप्रताप चौक व अग्रसेन चौक के आगे दो दुकानों में चार चोरों ने शटर उठाकर गल्ला तोड़कर नकद पार कर दिया। दोनों दुकानों में चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

महाराणाप्रताप चौक स्थित नरेन्द्र इलेक्ट्रिकल के संचालक सुरेन्द्र चित्रकार ने बताया, 20 जनवरी की रात वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। 21 जनवरी की सुबह दुकान आए तो शटर उठा हुआ मिला। शटर खोलकर अंदर गए तो गल्ला टूटा हुआ था। उसमें रखे 20 हजार रुपए की चोरी हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि 3.45 बजे चार युवक आए और शटर उठाकर एक युवक अंदर घूसा, वह चोरी करते नजर आ रहा है।



#### दो दुकानों में चोरी हुई है

महाराणाप्रताप चौक व अग्रसेन चौक के आगे दो दुकानों का शटर उठाकर नकद रकम रकम चोरी की गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पतासाजी की जा रही है।

-एसआर साहू
सिविल लाइन टीआई

#### दूसरी वारदात 4 बजे दूल्हे साहब में

अग्रसेन चौक के आगे स्थित दुल्हे साहब कपड़ा दुकान के मैनेजर संदीप बानाईत पिता प्रहलाद ने बताया, 20 जनवरी की रात 10 बजे वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। 21 जनवरी की सुबह उन्होंने अपने मोबाइल में दुकान का कैमरा चेक किया तो शटर उठा हुआ दिखाई दिया। वे आनन फानन में दुकान जाकर देखे तो शटर उठा हुआ था। उन्होंने डायल 112 को बुलाकर दुकान खोलकर चेक किया तो गल्ला टूटा हुआ था और उसमें रखे 66 हजार 645 रुपए नहीं थे। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा फुटेज खंगाला तो सुबह 4 बजे चार युवक दुकान में आकर शटर उठाते और एक युवक अंदर घुसकर मोबाइल के टार्च में चोरी करते नजर आ रहा है।

# फूल व्यापारी नहीं जाएंगे व्यापार विहार किया विरोध, गोंड़पारा में जगह की मांग

- 31 दुकानें और 400 से अधिक कारीगरों की आजीविका फूलों के इस व्यवसाय से जुड़ी
- शहर के बीच गुमटी बनाकर स्थायी तौर पर देने की मांग, बार- बार हटाना सही नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के ईदगाह चौक पर पिछले 25 सालों से चल रहे फूल बाजार को व्यापार विहार में शिफ्ट किया जा रहा है। पांच साल पहले जहां पौनी पसारी योजना के तहत 26 लाख में सब्जी बाजार स्थापित किया गया था, वह वीरान हो गया है। फूल बाजार यहीं लगाया जाएगा।

निगम इसके लिए, शेड, पार्किंग और दूसरी व्यवस्था कर रहा है। इधर व्यापारियों का कहना है कि यहां की 31 दुकानें और 400 से अधिक कारीगरों की आजीविका फूलों के इस व्यवसाय से जुड़ी है। यदि सुविधाओं के साथ नया बाजार मिलता है, तो वे शिफ्ट होने के लिए तैयार हैं। व्यापारियों के मुताबिक कोई भी जगह जो कि शहर के बीच में हो वहां गुमटी बनाकर स्थायी तौर पर दे दी जाए तो वे लोग जाने को तैयार हैं। इस तरह से बार- बार हटाना सही नहीं है। व्यापारियों ने गोंड़पारा में आर्य समाज भवन के सामने जगह की मांग की है।

ध्यान रहे कि शहर में फूलों का व्यवसाय शहर में तेजी बढ़ा है। खास तौर पर जेल चौक की 30 से अधिक दुकानों में सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक रौनकता रहती है। ग्राहकों को उनके मनपसंद फूलों के साथ- साथ बेलपान, दुबी के धतुरा व बेल फल भी उपलब्ध हो जाते हैं। इतना ही नहीं मोंगरा, मदार से गेंदे के फूल का हार भी मिल जाता है। यहां के लेकिन छोटे व्यापारियों को लेकिन फिर से दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जा रहा है।


#### निगम स्थायी व्यवस्था नहीं कर पा रहा

गौरतलब है कि जेल चौक में फुल बाजार 2001 से लगना शुरू हुआ है। इससे पहले गोलबाजार चौक में यह बाजार लगता था। बढ़ते भीड़ को देखते हुए निगम ने बाद में इसे मिशन अस्पताल के पीछे जेल चौक वाले रास्ते में शिफ्ट करने का फैसला लिया था। तब से लेकर इस जगह पर 31 व्यापारी लगातार अपनी दुकानें लगाते हैं। यहां कारोबार करने वाले राशि माली, विजय साहू और रतन कश्यप ने बताया कि निगम कोई भी स्थायी व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। जेल चौक में दुकानें स्थापित हो गईं हैं और शहर ही नहीं आसपास के लोग यहां फुल, माला लेने पहुंचते है।

#### 400 से अधिक कारीगर और श्रमिक जुड़े हैं

व्यापारियों का कहना है कि यह मार्केट 25 साल पुराना है और यहां फूलों की 31 दुकानें हैं। इस जगह से हमें काफी ज्यादा लगाव हो गया है, क्योंकि वर्षों से हमारे ग्राहक इन्हीं स्थानों पर आकर खुशी-खुशी फूल खरीदकर ले जाते हैं। इसलिए इस जगह से दूर नहीं होना चाहते हैं, लेकिन प्रशासन का सहयोग करना भी जरूरी है। व्यापारियों ने निगम से व्यवस्थित दुकानें, पार्किंग और सामुदायिक शौचालय जैसी सुविधाओं की मांग की है। उनका कहना है कि पार्किंग की कमी के कारण जाम की समस्या होती है। दूल्हा गाड़ी और ग्राहकों की गाड़ियां सड़क पर खड़ी रहती है। फूल बाजार में काम करने वाले 400 से अधिक कारीगर और श्रमिक अपनी आजीविका इसी व्यवसाय से चलाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि नया बाजार सुविधाजनक और व्यवस्थित होगा, तो वे निगम द्वारा तय शुल्क देने के लिए भी तैयार हैं।

### जीवित जीजा को मृत बताकर भांजों की जमीन बेच दी, एक आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** जीवित जीजा को मृत बताकर नाबालिग भांजों के हिस्से की जमीन को बेचने वाले मामाओं के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं अन्य आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, रायगढ़ हालाहुली निवासी मनीष कुमार शुक्ला 44 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उनके तीन नाबालिग बच्चे शौर्य शुक्ला 9 साल, परिनिधी शुक्ला 15 साल, प्रतिभा 17 साल के नाम पर सकरी में खसरा नम्ब्र 258 रकबा 0.1500 हेक्टेयर जमीन राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। उक्त जमीन बच्चों को उनकी मां अनित शुक्ला की मृत्यु 4 अप्रैल 2018 को जाने के बाद नाना पक्ष से उत्तराधिकारी में मिला था। अप्रैल 2025 में उन्हें जानकारी मिली कि उक्त भूमि किसी अन्य को बेच दी गई है। उन्होंने राजस्व अभिलेखों की जांच कराई और उप पंजीयक कार्यालय से विक्रय पत्र की सत्यप्रति लिए तो खुलासा हुआ। दस्तावेजों में पीड़ित मनीष कुमार शुक्ला को मृत दर्शाते हुए उनके साला अखिलेश पाण्डेय ने स्वयं को उनके नाबालिग बच्चों का संरक्षक बताकर 9 अक्टूबर 2023 को दूसरे को बेच दिया है। अखिलेश पाण्डेय, अनुराग पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय एवं अन्य साथियों ने आपराधिक षड़यंत्र के तहत झूठा शपथपत्र प्रस्तुत कर उनकी जमीन को बेचकर उसके प्राप्त रकम को आपस में बांट लिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर धारा 420, 464, 467, 468,471, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी अखिलेश पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

### फर्जी नियुक्ति पत्र जारी कर करोड़ों की ठगी, फरार आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** आरक्षक की नौकरी लगाने का झांसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र जारी कर 25 बेरोजगारों से करोड़ों रुपए की ठगी करने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने बाराद्वार से गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि वर्ष 2025 में नंदकुमार शांडिल्य सहित 25 बेरोजगारों ने सिविल लाइन में शिकायत की थी। बाराद्वार आमापाली निवासी ईश्वर चौहान पिता स्व. निरल सिंह चौहान एवं सहयोगियों ने आरक्षक की नौकी लगाने का झांसा देकर उनसे 5 लाख 50 हजार रुपए लेकर फर्जी नियुक्त पत्र थमा दिया गया था। इसी तरह से अन्य बेरोजगारों से भी 5 से 7 लाख रुपए लेकर करोड़ों रुपए की ठगी कर लिया गया था। घटना के बाद आरोपी ईश्वर चौहान फरार चल रहा था। 20 जनवरी 2026 को एसआई विष्णु यादव, एएसआई चंद्रकांत डहिरया ने बाराद्वार आमापाली स्थित मकान में दबिश देकर आरोपी ईश्वर चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले आरोपी कपिलेश्वर गोस्वामी, गुरूशंकर गोस्वामी, राजेन्द्र पलागें, पुरूषोत्म तिवारी, संजय दास मानिकपुरी को गिरफ्तार किया गया था।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

### इतवारी-शालीमार के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ सफर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-शालीमार और शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी के मध्य 3-3 फेरों के लिये स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।

गाड़ी संख्या 08871 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी–शालीमार स्पेशल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से 26 जनवरी तथा 2 व 9 फरवरी को प्रत्येक सोमवार को तथा गाड़ी संख्या 08872 शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्पेशल ट्रेन शालीमार से 27 जनवरी तथा 3 व 10 फरवरी प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। ट्रेन का वाणिज्यिक ठहराव दोनों दिशाओं में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनादगाँव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा एवं रायगढ़ स्टेशनों में दिया गया है। 08871 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-शालीमार स्पेशल ट्रेन सोमवार को 17.10 बजे होकर गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनादगाँव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, दूसरे दिन मंगलवार को बिलासपुर देर रात 00.35 बजे पहुंचकर 00.45 बजे रवाना होकर, रायगढ़, झारसुगुड़ा, राऊरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, खड़गपुर, सांतरागाछी, शालीमार स्टेशन पहुंचेगी। वहीं 08872 शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्पेशल ट्रेन मंगलवार को 18.00 बजे रवाना होकर बिलासपुर 7.25 बजे होकर 15.35 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन पहुंचेगी।

स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 11 स्लीपर, 02 एसी-थ्री तथा एक एसी-टू कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### करंट लगने से मिस्त्री की मौत ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** करंट से मिस्त्री की मौत के मामले में जांच के बाद ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, अकलतरा निवासी बलदेव सूर्यवंशी 48 साल 23 जनवरी 2025 को तोरवा क्षेत्र में एक निमार्णाधीन मकान में प्लास्टर करने का काम कर रहे थे। इसी दौरान करंट लगने से उनकी मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने ठेकेदार विनय प्रमानिक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## ओवर लोडिंग व रिसाइकलिंग पर जिला प्रशासन सख्त

# धान खरीदी व परिवहन में 8 करोड़ से अधिक का फर्जीवाड़ा, 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में धान के अवैध ओवर लोडिंग और रिसायक्लिंग की शिकायतों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आईसीसीसी मार्कफेड रायपुर से प्राप्त अलर्ट के आधार पर जांच में सामने आया कि, धान उठाव करने वाले वाहनों द्वारा वास्तविक क्षमता से 200 प्रतिशत से लेकर 1116 प्रतिशत तक अधिक ओवरलोडिंग कर धान का अवैध परिवहन किया गया है। कलेक्टर कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशानुसार खाद्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए धान खरीदी एवं परिवहन में व्यापक फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। जांच में राइस मिलरों, समिति प्रबंधकों एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों द्वारा मिलकर शासन को 8 करोड़ 14 लाख रुपए से अधिक की आर्थिक क्षति पहुंचाने का मामला सामने आया है। इस गंभीर मामले में विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं कुछ आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। जांच में सामने आया कि राइस मिलरों एवं समिति प्रबंधकों द्वारा जानबूझकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर, पीडीएस चावल का वितरण नहीं करना, फर्जी वाहनों के नंबरों से धान का परिवहन दिखाना तथा वास्तविक धान की मात्र से अधिक उठाव दर्शाकर शासन को भारी नुकसान पहुंचाया गया। कुल मिलाकर लगभग 11 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीद एवं परिवहन में घोटाला किए जाने के प्रमाण मिले हैं। नवागाव घुठेरा समिति द्वारा उपलेटा राईस मिल से मिलीभगत कर 74 जीपीएस युक्त एवं 40 से अधिक बिना जीपीएस वाहन में धान का परिवहन, सिंघनुपरी केन्द्र द्वारा एसएस फूड के साथ मिलकर 04 हजार 542 क्विंटल धान का बिना जीपीएस के वाहन में परिवहन, छटन उपार्जन केन्द्र द्वारा दीपक राइस मिल व नवकार मिल से मिलकर 3 हजार 589 क्विंटल का अवैध परिवहन तथा झगरहट्टा उपार्जन केन्द्र द्वारा वर्धमान राइस मिलर्स से मिलकर गडबड़ी करने पर कार्रवाई की गई है। इन मामलों में उपलेटा एवं वर्धमान राइस मिल के संचालक, समिति प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित कई व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अब्दुल सत्तार, विकास पांडेय, महावीर जैन, संतोष साहू, श्रीधर परिहार, मोहम्मद यूसुफ, गेंदलाल साहू को गिरफ्तार किया गया है। कुछ आरोपी जैसे अब्दुल समद, ललित जैन, नवेन्द मेनन, अनिल जांगड़े आदि फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3,7 धारा 318(4), 316(5), 61(2) के तहत कार्रवाई की जा रही है।मामले को लेकर थाना फास्टरपुर में तथा थाना लालपुर में धान उपार्जन केन्द्रों में फर्जी परिवहन, धोखाधड़ी एवं अनियमितता के मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में भी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की अनियमितता, भ्रष्टाचार या फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### लापरवाही पर खाद्य अधिकारी डड़सेना को किया गया निलंबित



मुंगेली। धान खरीदी व्यवस्था में अनियमितता एवं लापरवाही को लेकर जिले में पदस्थ जिला खाद्य अधिकारी हुलेश डड़सेना को निलंबित कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने धान खरीदी व्यवस्था में अनियमितता एवं लापरवाही को लेकर बड़ा कदम उठाया है। शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारी द्वारा धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्था में लापरवाही बरतने, खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण नहीं करने, मिलर द्वारा उठाव की निगरानी नहीं करने और उठाव किए गए धान की जांच नहीं करने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि के दौरान जिला खाद्य अधिकारी डड़सेना का मुख्यालय नवा रायपुर स्थित खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग कार्यालय निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।



## कलेक्टर ने किया गुरुवाइनडबरी धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

■ तहसीलदार, नायब तहसीलदार व आरएईओ को नोटिस

लालपुर। जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र के गुरुवाइनडबरी खरीदी केंद्र पहुंचकर कुल धान खरीदी, रकबा समर्पण एवं धान के भौतिक सत्यापन आदि के संबंध में जानकारी ली।

इस दौरान बिना जीपीएस युक्त वाहनों से धान परिवहन की शिकायत पर कलेक्टर ने आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, केवल जीपीएस युक्त अधिकृत वाहनों से ही धान का परिवहन किया जाए, किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने रकबा समर्पण में धीमी प्रगति पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। साथ ही धान खरीदी से संबंधित संतोषजनक जवाब नहीं देने पर लालपुर तहसीलदार एमपी कौशिक, नायब तहसीलदार प्रकाश यादव व आरएईओ नेहा ध्रुव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि, किसानों की वास्तविक उपज की पूर्ण रूप से खरीदी सुनिश्चित की जाए। शेष बचे रकबे के दुरुपयोग को रोकने के लिए किसानों से सहमति लेकर रकबा समर्पण कराया जाए। उन्होंने कहा कि, पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता एवं सतर्कता के साथ संचालित होनी चाहिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र खुड़िया का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि, कोचियों एवं बिचौलियों का धान किसी भी स्थिति में न खरीदा जाए। उन्होंने संदिग्ध केंद्रों में भौतिक सत्यापन कराने, उठाव में तेजी लाने, बिना गेट पास के वाहनों का परिवहन रोकने एवं सीसीटीवी से विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वहां धान विक्रय करने आए किसान जोगीराम से चर्चा कर केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

## संस्कृति मंत्री ने किया साहित्यकारों का सम्मान



■ साहित्य साधक सम्मान से अलंकृत हुए अशोक

लोरमी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' से प्रेरित होकर शिक्षा साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन छत्तीसगढ़ का प्रयाग राजिम में किया गया। जिसमें साझा काव्य संग्रह 'एक पेड़ मां के नाम' का विमोचन राज्यपाल रमेन डेका ने किया।

मंत्री राजेश अग्रवाल ने लोरमी अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सेनगुड़ा के प्रधान पाठक अशोक कुमार टोंडे को साहित्य साधक सम्मान से अलंकृत किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र, श्रीफल एवं उनकी पुस्तक गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कृति 'एक पेड़ मां के नाम' भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया। अशोक कुमार टोंडे ने बताया कि, एक पेड़ मां के नाम साझा काव्य संग्रह के लिए के लिए देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 650 कविताएं प्राप्त हुई थीं, जिनमें से श्रेष्ठ चयनित 31 रचनाकारों को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री अग्रवाल द्वारा अंगवस्त्र, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं 1 हजार 100 रूपए की नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले रचनाकार पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, गुजरात, केरल, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, बिहार, उड़ीसा, तमिलनाडु एवं छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से थे। कार्यक्रम का समापन साहित्य, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के संदेश के साथ हुआ।

## महिला सुरक्षा जागरूकता पोस्टर का अनावरण



मुंगेली। महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम 2013 तथा शी-बॉक्स पोर्टल के संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने जागरूकता पोस्टर का अनावरण किया। एडीएम ने कार्यक्रम के दौरान कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने पोस्टर चस्पा कर जिले में अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि, महिला एवं बाल विकास मंत्रलय द्वारा कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिक उत्पीड़न से महिलाओं की सुरक्षा के लिए शी-बॉक्स पोर्टल प्रारंभ किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से ऐसे सभी शासकीय एवं अशासकीय-कार्यालयों संस्थानों में आंतरिक समिति का गठन एवं पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य किया गया है। पीड़ित महिलाएं इस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकती हैं। इस अवसर पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी गोपाल लांझी, संरक्षण अधिकारी सीतामणी कच्छप सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित लक्ष्मी




मरवाही। नगर पंचायत मरवाही के वार्ड नंबर 10 में रहने वाली निवासी लक्ष्मी, जिसकी उम्र लगभग 11 वर्ष है। जन्म के साथ ही बच्ची के हांथों में उंगलियां नहीं हैं, जिसके कारण लक्ष्मी का आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है। आधार नहीं होने के कारण उसका स्कूल में दाखिला नहीं हो रहा है। इस कारण लक्ष्मी पढ़ाई-लिखाई से पूरी तरह से वंचित है, साथ ही उसे शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।

जानकारी लेने पर पता चला कि, लक्ष्मी की मां चंदा बाई अपने ससुराल को छोड़कर उसके जन्म के समय से मरवाही में रह रही हैं, और उसके जन्म संबंधी कागजात गुम जाने के कारण जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिए उन्होंने जनप्रतिनिधियों से मदद मांगी और नगर पंचायत सहित तहसील की भी चक्कर काटा। सबी जगहों का चक्कर काटने के बाद उन्हें बड़े खर्च की जानकारी दी गई तो वे चुपचाप बैठ गईं।

### हरिभूमि सवांददाता के पहल पर बच्ची की मदद

इसकी जानकारी जब गांव के ही हरिभूमि के सवांददाता को लगी, तो मरवाही ब्लॉक रीसोर्स पर्सन मोना गौतम को जानकारी दी गई, और बच्ची के घर लेकर गए, जहां उन्होंने तत्काल उसे गरलैय्या टोला प्राथमिक शाला में भर्ती कराया गया। साथ ही लक्ष्मी को आने वाले कुछ दिनों में कॉपी पुस्तक एवं ड्रेस उपलब्ध करा दिया जाएगा। मोना गौतम ने बताया कि, यह एक वैकल्पिक व्यवस्था है। जब तक इस बच्ची का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनेगा, तब तक आधार नहीं बन पाएगा। आधार के बाद ही आगे की सरकारी योजनाओं का पूर्ण रूप से लाभ मिल पाएगा। अब देखना यह है कि लक्ष्मी का आधार बनाने शासन एवं प्रसाशनिक अधिकारी किस प्रकार मदद करते है।

## सीएमएचओ ने किया साहू हॉस्पिटल का निरीक्षण



मुंगेली। कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने छत्तीसगढ़ नर्सिंग होम अधिनियम 2013 के अंतर्गत लोरमी स्थित साहू हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की महिला एवं पुरुष वार्ड, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, दवा भंडारण कक्ष सहित अन्य प्रमुख विभागों का गहन अवलोकन किया गया। अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं, डॉक्टर्स की उपस्थिति, नर्सिंग स्टाफ, स्वच्छता व्यवस्था एवं मरीजों को दी जा रही सेवाओं की विस्तार से जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि, मरीजों के उपचार के दौरान सभी आवश्यक विशेषज्ञ डॉक्टर समय पर उपलब्ध रहें तथा अस्पताल में शासन द्वारा निर्धारित सभी मानकों एवं नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अस्पताल में अग्नि सुरक्षा, पंजीयन संबंधी दस्तावेजों एवं आवश्यक संसाधनों की भी जांच की गई। सीएमएचओ ने स्पष्ट किया कि, जिले में संचालित सभी निजी अस्पतालों एवं नर्सिंग होम्स की नियमित जांच जारी रहेगी तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह ठाकुर, आयुष्मान भारत के जिला परियोजना समन्वयक अखिलेश कौशिक सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ



पथरिया। नगर में बुधवार को सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। शुभारंभ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बच्चों से लेकर महिलाओं तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान नगर हर-हर महादेव, जय श्रीराम और ओम नमः शिवाय के जयकारों से गूंज उठा। कलश यात्रा कथा स्थल मैदान से प्रारंभ होकर नगर बस स्टैंड, मंझली तालाब पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पवित्र जल भरकर महामाया मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद यात्रा आजाद चौक होते हुए वापिस कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा के स्वागत हेतु नगर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर दिखाई दिया। इस अवसर पर कथा वाचिका रूपम राघव का नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा और अभिनंदन के साथ स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं में कथा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के आयोजन से नगर में धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल बना हुआ है, जहां पहले दिन ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे।

## यशवंत पोर्ते के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर



पेंड्रा। स्वर्गीय भंवर सिंह पोर्ते तथा हेमवंत पोर्ते के पुत्र एवं आदिवासी कांग्रेस विभाग की राष्ट्रीय समन्वयक अर्चना पोर्ते के छोटे भाई यशवंत पोर्ते के आकस्मिक देवलोक गमन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। इस दुखद अवसर पर शोक संतप्त परिवार को संबल और सांत्वना देने अनेक जनप्रतिनिधि उनके निज निवास बदरौदी, मरवाही पहुंचे।

सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधायक झाबुआ मप्र विक्रांत भूरिया, पूर्व मंत्री एवं विधायक बिलासपुर अमर अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस छत्तीसगढ़ एवं विधायक ब्रिंदानवागढ़ जनक ध्रुव, विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ एवं पूर्व विधायक अमित जोगी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। यशवंत पोर्ते एक होनहार, मिलनसार एवं जनसेवा के प्रति समर्पित युवक थे। वे सदैव सामाजिक एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय रहते थे। उनके असामयिक निधन से न केवल परिवार, बल्कि समूचे क्षेत्र को अपूरणीय क्षति पहुंची है। यशवंत पोर्ते के निधन के कारण जिला कांग्रेस समिति के 'मनरेगा बचाओ कार्यक्रम' सहित पार्टी के सभी कार्यक्रम एक दिन के लिए स्थगित किए गए।

### सिंहदेव, देवेंद्र सहित कांग्रेस के कई दिग्गज रहे मौजूद

# मनरेगा बचाओ पदयात्राः कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार पर बोला हमला

■ केंद्र सरकार गरीब व मजदूर परिवारों से रोजगार छीन रही : बैज




तखतपुर। देश की 80 प्रतिशत आबादी गांव में रहती है, जिनका जीवन-यापन गांव में मजदूरी करने से होता है। केंद्र की सरकार इन गरीब मजदूर परिवारों से रोजगार छीन रही है। सरकार नाम बदल कर मनरेगा योजना को बंद करने जा रही है। केंद्र सरकार ने राज्य सरकार के ऊपर भार डाल दिया है। पहले केंद्र में कांग्रेस सरकार ने 90 प्रतिशत योगदान से मनरेगा चलता था, अब सरकार ने 40 प्रतिशत राज्य सरकार पर भार डाल दिया है। उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने ग्राम गिरधौना में मनरेगा बचाओ पदयात्रा के समापन सभा को संबोधित करते हुए कही।

बैज ने आगे कहा कि, 40 करोड़ के धान को चूहों ने नहीं खाई, बल्कि प्रदेश की सत्ता में बैठे 14 चूहों ने घोटाला किया है। प्रदेश में शिक्षण संस्थाओं को बंद किए जा रहे हैं, और नए 67 शराब दुकानें खोली गई हैं। यह सरकार गरीबों, ग्रामीणों और बेरोजगारों की हित के लिए नहीं सोच सकती। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि, कांग्रेस की सरकार ने जो 100 दिन का रोजगार दिया था, उस रोजगार को सिर्फ 30 दिनों का दिया गया। भारतीय जनता पार्टी ग्रामीणों के रोजगार को छीनने का काम कर रही है। उन्होंने मनरेगा में मजदूरों को प्रति व्यक्ति 400 रूपए देने की मांग की गई। नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि, मनरेगा योजना गांव की आस्था है। भारत की आत्मा गांव में बसती है, और केंद्र की सरकार योजना का लाभ देने के बजाए इसमें नए-नए दांव-पेंच लाकर ग्रामीणों को परेशान करना चाहती है। जिला ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि, केंद्र की सरकार पहले देश के शहरों का नाम बदलती रही, लेकिन उन शहरों को कुछ नहीं मिला। अब सरकार मजदूरों का हक छीनने के लिए मनरेगा का नाम बदल रही है। कार्यक्रम को विधायक दिलीप लहरिया, सिंधाशु मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अभ्यूदय तिवारी एवं आभार प्रदर्शन अमित साहू ने किया। पदयात्रा में पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव भी शामिल हुए। किया। सुबोध हरितवाल, इंग्रिड मैक्लॉउड, विजय केशवानी, आतमजीत सिंह मक्कड़, ब्लाक अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी, अमित साहू, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर, बिरझेराम सिंगरौल, शिव बालक कौशिक, राजेंद्र शुक्ला, गौरी अजय देवांगन, मुन्ना श्रीवास, अनुपमा अभिषेक पांडेय, सुनील जांगड़े, सुरेश ठाकुर, जसप्रीत रमन हुरा, बिहारी देवांगन, परमजीत हरविंदर हुरा, चंद्रप्रकाश देवांगन, पूजा बबलू गुप्ता, शिवेंद्र कौशिक, अनिल कौशिक, करीम कुरैशी, जितेंद्र राज, मिथिलेश यादव, रंजीत सिंह, प्रियांशु डहिरे, अजय ध्रुव, आदर्श बंजारे, छत्रपाल जायसवाल, अभय कौशिक, संतोष सिंगरौल आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के मनरेगा बचाओ अभियान की शुरुआत

■ कांग्रेसियों ने लरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर जताया विरोध



पथरिया। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर 'मनरेगा बचाओ अभियान' के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों और ब्लॉक लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में पथरिया ब्लॉक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में मनरेगा को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने मनरेगा के तहत गोदी खुदाई कर सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस के जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि, मनरेगा देश की सबसे महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसने ग्रामीण क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद मजदूरों को रोजगार की गारंटी दी है। लेकिन वर्तमान समय में मनरेगा के नियमों में जिस तरह से बदलाव किए जा रहे हैं, उससे इस योजना की मूल भावना और आत्मा को खत्म किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि काम के दिनों में कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी और नए-नए नियमों के कारण मजदूरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि, मनरेगा केवल रोजगार की योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इस योजना के कमजोर होने से गांवों में बेरोजगारी बढ़ेगी और गरीब परिवारों पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में लागू करने, मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और नियमों में किए गए जनविरोधी बदलावों को वापस लेने की मांग की।